वर्ष-07, अंक - 79 | शनिवार, 02 सितंबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23
बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

■ इम्पेक्ट फीचर

## मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को मिली गति

# प्रदेश को मिल रही लाजवाब सड़कें

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान का विकास के लिए संकल्प और लगन आम साथ लोगों की तरक्की और खुशहाली के कामों को कर सकते हैं। उनकी मंजिल है आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश 7 ऐसा प्रदेश जो देश का अग्रणी प्रदेश हो, जहाँ अच्छी सड़कों के साथ सभी मूलभूत सुविधाएँ हों । इसी क्रम में मध्यप्रदेश में सड़कों के निर्माण, उनके सुदृढ़ीकरण पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा सड़कों के माध्यम से विकास के रथ को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का काम व्यापक दूरदृष्टि के साथ किया जा रहा है। इसकी झलक राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत 2023-24 के बजट में साफ नजर आती है। अतः यदि हम यह कहें कि मध्यप्रदेश सड़कों के मामले में सबसे धनाढ्य है तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी।

प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता नियंत्रण करने पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। राज्य सरकार सड़कों के निर्माण कार्य से पहले 12 प्रकार की जाँच और घटिया डामर उपयोग करने पर उसकी आपूर्ति करने वाली कम्पनी को ब्लैक लिस्ट करने जैसे कदम उठाए हैं। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की गई है।

इस कवायद के पीछे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन का मुख्य लक्ष्य स्वच्छ, स्वस्थ, सुदृढ़ और सुरक्षित सड़कों के माध्यम से आर्थिक रूप से समृद्ध मध्यप्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करना है।



### मध्यप्रदेश की प्रगति के पथ

- अटल प्रगति पथ — लंबाई- 299 किलोमीटर
- नर्मदा प्रगति पथ — लंबाई-867 किलोमीटर
- विंध्य प्रगति पथ — लंबाई-676 किलोमीटर
- मालवा विकास पथ — लंबाई-450 किलोमीटर
- मध्य विकास पथ — लंबाई-746 किलोमीटर
- बुंदेलखंड विकास पथ — लंबाई- 330 किलोमीटर



- **रिंग रोड:** जबलपुर, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, रीवा, उज्जैन के साथ प्रदेश के अन्य 9 नगरों में रिंग रोड।
- **एलिवेटेड कॉरिडोर्स:** जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल, देवास, इंदौर एवं सतना में एलिवेटेड कॉरिडोर्स का निर्माण।
- **लेक कॉरिडोर:** भोपाल में लेक कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव है।
- **2 लेन मार्ग:** प्रदेश के सभी नगरीय निकाय को 2 लेन मार्ग से जोड़ने की योजना।

## सड़कें खोल रहीं विकास के नए द्वार

**पीएम** गति शक्ति के अंतर्गत लगभग 7400 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है। सेतुबंधन योजना में 845 करोड़ की लागत से 21 नए फ्लाई ओवर बनेंगे। प्रदेश के शहरों में उज्जैन, ओरछा, ग्वालियर, भोपाल, रहली, मांडू, ओंकारेश्वर, खजुराहो, रायसेन, पचमढ़ी, पातालकोट, अमरकंटक एवं इंदौर में 14 लोकेशन्स पर रोप-वे बनेंगे। उज्जैन रेलवे स्टेशन से लेकर श्री महाकाल महालोक तक रोप-वे निर्माण हेतु 209 करोड़ रुपए की परियोजना भारत सरकार की ओर से स्वीकृत की गई है। भोपाल और इंदौर के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट और मेगा निवेश क्षेत्र भी बनेगा। कुल 25 हजार एकड़ से अधिक की भूमि चिह्नित की गई है। इससे 6 लाख नवीन रोजगार का सृजन होगा। प्रदेश के समस्त रेलवे क्रॉसिंग समाप्त करने के लिए 105 रेलवे ओवरब्रिज के साथ 334 पुलों का निर्माण होगा। कायाकल्प अभियान से सड़कों की सूरत बदल रही है। 1750 करोड़ रुपए से शहरी सड़कों का मजबूतीकरण एवं निर्माण होगा। इसी कड़ी में मनरेगा अंतर्गत मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना प्रारंभ की गई है।



### राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण... 45 गुना बढ़ गया नेटवर्क

मध्य प्रदेश में वर्ष 2003 में 4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग केवल 92 किलोमीटर हुआ करते थे जो कि वर्ष 2023 में 45 गुना बढ़कर 4455 किलोमीटर हो गए हैं। इनमें से लगभग 3000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग अपनी उच्च गुणवत्ता और तीव्र वाहन गति के कारण एक्सप्रेस-वे के रूप में पहचाने जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार एवं उच्च गुणवत्ता के कारण व्यवसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं और औद्योगिक निवेश के लिए मध्यप्रदेश को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखा जाने लगा है।

### राजमार्गों का निर्माण... डबल और चारलेन सड़कें बढ़ीं

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32,953 करोड़ रुपए की लागत से 16,510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया है। वर्ष 2003 में

## 20 साल में 45 गुना बढ़ा नेशनल हाईवे नेटवर्क

केवल 328 किलोमीटर राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे, जो अब 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किलोमीटर हो गए हैं। इसी प्रकार पहले कोई भी राज्य राजमार्ग 4 लेन नहीं था, लेकिन अब 376 किलोमीटर राज्य राजमार्ग 4 लेन हैं। राज्य राजमार्गों के उन्नयन से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुंच बेहतर हुई है, जिससे छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ। किसानों को बड़े बाजारों और मंडियों से सीधे जुड़ने के अवसर प्राप्त हुए हैं।

### कच्ची सड़कों का किया गया डामरीकरण

वर्ष 2003 में कुल 12,404 किलोमीटर कच्ची सड़कें थीं, इनको जर्जर स्थिति से उबारकर चलने लायक बनाने के लिए इन्हें डामरीकृत किया गया है। वर्ष 2003 की स्थिति में कुल 59,781 किलोमीटर पक्की डामरीकृत सड़कें थीं, जो वर्तमान में 91,372 किलोमीटर है।

### पुलों का निर्माण.... मानसून के दरमियान लोगों को राहत

जलमगनीय पुलों को रूपांतरित करते हुए कुल 900 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण राशि 6,011 करोड़ रुपए से किया गया। इसके अतिरिक्त सड़क विकास निगम द्वारा भी 239 पुलों का निर्माण कराया गया है। 20 वर्ष पूर्व प्रदेश में केवल 24 रेल ओवरब्रिज हुआ करते थे। विभाग द्वारा इस दौरान राशि 1156 करोड़ रुपए से 60 नए रेल ओवरब्रिज का निर्माण कराया है। गांवों तक पक्की डामरीकृत सड़कें और बारहमासी पुल बन जाने से वर्षाकाल में आवागमन संभव हुआ है, जिसका सीधा लाभ स्कूल जाने वाले बच्चों, गर्भवती माताओं, किसानों, आदि को प्राप्त हुआ है। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मुख्यधारा जुड़ने के नवीन अवसर प्राप्त हुए हैं।

### सड़क निर्माण क्षेत्र में निवेश... 120 नई परियोजनाओं पर काम

विगत 20 वर्षों में प्रदेश सरकार ने नवीन सड़कों एवं पुलों के निर्माण का वार्षिक खर्च 20 गुना बढ़ा दिया है। यह वर्ष 2022-23 में 10,000 करोड़ से ज्यादा हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा सड़कों और पुलों के रखरखाव खर्च में भी 4 गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2002-03 में 100 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली एक भी परियोजना नहीं थी जबकि आज 20 वर्ष बाद ऐसी निर्माणाधीन परियोजनाओं की संख्या 120 से ज्यादा है। वर्ष 2002-03 में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का खर्च मात्र 86 करोड़ था जो कि वर्ष 2023 में 100 गुना से ज्यादा बढ़ कर 10,295 करोड़ रुपए हो गया है। सड़क निर्माण क्षेत्र में निवेश बढ़ने से लाखों लोगों को रोजगार मिला है, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

## साढ़े तीन हजार किमी राज्य मार्गों के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

### शहरों, बाजारों, मंडियों में हुई सीधी पहुँच

प्रदेश में जल्दी ही 3600 किलोमीटर राज्य राजमार्ग की सुविधा उपलब्ध होगी। इन राजमार्गों निर्माण 7250 करोड़ रुपए की लागत से होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क निरंतर बढ़ रहा है। भोपाल शहर में वीआईपी रोड के विकल्प के रूप में आठ लेन एलिवेटेड कॉरीडोर पश्चिम भोपाल बायपास के निर्माण की तैयारियां चल रही हैं। इस पर 3156 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबलपुर नरसिंहपुर फोरलेन मार्ग के निर्माण के 756 करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध कराया गया है। नर्मदापुरम पिपरिया फोरलेन मार्ग के निर्माण पर 840 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वर्ष 2004 से 2023 तक कुल 32,953 करोड़ रुपए की लागत से 16,510 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। वर्ष 2003 में सिर्फ 328 किमी राज्य राजमार्ग डबल लेन हुआ करते थे। आज 2023 में 10 गुना बढ़कर 3428 किमी हो गये है। पहले एक भी राज्य राजमार्ग 4 लेन नहीं था 7 आज 376 किमी राज्य राजमार्ग 4 लेन बन गये है।

राज्य राजमार्गों का नेटवर्क बढ़ने से छोटे शहरों, बाजारों तथा मंडियों तक पहुँच बेहतर हुई है। छोटे शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार हुआ है और किसान का सीधा संपर्क बड़े बाजारों / मंडियों से हो गया है। भोपाल से सागर तक 190 किमी 4 लेन मार्ग के निर्माण के 2516 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मालवा- निमाड़ विकासपथ में 450 किमी का गरोठ (मंदसौर)- उज्जैन - इंदौर-बुरहानपुर 4 लेन मार्ग बनना शुरू हो गया है। इस पर 7972 करोड़ रुपए की लागत आयेगी। इसी प्रकार बुंदेलखंड विकासपथ में भोपाल से छतरपुर मार्ग को 4 लेन करने के लिए 6160 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। सागर से छतरपुर 190 किमी मार्ग का निर्माण शुरू हो गया है। मध्य भारत विकासपथ में बैतूल से मुरैना तक मार्ग को 4 लेन करने की कार्यवाही जारी है। भोपाल से दिनार (झांसी के समीप) तक 3400 करोड़ रुपए से निर्माण कार्य शुरू हो गये हैं।




### 7 किमी दूरी कम तो 45 मिनट बचे

- रीवा-सीधी मार्ग पर सरकार ने हाल ही में देश की पहली एक्वा डक्ट आधुनिक छह लेन मोहनिया टनल का निर्माण किया है। 2.28 किलोमीटर लंबी इस टनल से रीवा और सीधी के बीच की दूरी 7 किलोमीअर कम होने के साथ 45 मिनट समय की बचत होती है।

### वो भी एक दौर था, यह भी एक दौर है... 200 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले शहरों से भोपाल आने में अब लगते हैं महज तीन घंटे

# गांवों से शहरों तक बिछा सड़कों का जाल...

### ईंधन-समय दोनों की बचत इससे उद्योगों को मिली नई उड़ान

**वर्ष** 2022-23 में मध्यप्रदेश में केंद्रीय एजेंसी ने लगभग 6500 करोड़ रुपए की लागत से 400 किलोमीटर सड़कों का नेटवर्क खड़ा किया है। मध्य प्रदेश की सड़कों की स्थिति की तुलना वर्ष 2001-02 व 2002-03 और वर्ष 2021-22 व 2022-23 से करें तो तस्वीर साफ होती है। गाँवों-कस्बों से लेकर शहरों तक सड़कों का मजबूत नेटवर्क खड़ा हो गया है। इसका फायदा प्रदेश के आम लोगों को सीधे हो रहा है। उनके बहुमूल्य समय और ईंधन की बचत हो रही है । पहले कभी सागर से भोपाल या इंदौर से भोपाल पहुंचने में पांच घंटे तक का समय लग जाया करता था, उससे राहत मिली है।

### 2001-02 और 2022-23 की तस्वीर में दिखता है विकास का नया आयाम

विभिन्न पैरामीटर्स पर वर्ष 2001-02 व वर्ष 2002-03 की स्थिति और वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 की स्थिति का तुलनात्मक विवरण

| पैरामीटर | 2001-02 वर्ष | 2002-03 वर्ष | 2021-22 वर्ष | 2022-23 वर्ष | वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| कच्ची सड़कों की लंबाई | 13586 | 12404 | 0 | 0 | - |
| पक्की डामरीकृत सड़कों की लंबाई | 58032 | 59781 | 76257 | 76257 | 28% |
| **राज्य राजमार्ग** | | | | | |
| राज्य राजमार्गों की कुल लंबाई | 8728 | 8728 | 10783 | 10783 | 24% |
| 7 या 10 मीटर चौड़ाई वाले राज्य राजमार्ग | 328 | 328 | 3428 | 3428 | 94.5% |
| 4 लेन राज्य राजमार्ग | 0 | 0 | 376 | 376 | |
| **राष्ट्रीय राजमार्ग** | | | | | |
| राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई | 4677 | 4771 | 8858 | 9315 | 95% |
| 4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग | - | 92 | 3049 | 4455 | 47.42% |
| घोषित 4 लेन एक्सप्रेस-वे | 0 | 0 | 1282 | 3344 | |
| म.प्र. सरकार द्वारा नवीन सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर कुल खर्च | 327 | 590 | 10070 | 10085 | 16.09% |
| 100 करोड़ से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की संख्या | - | - | 120 | 120 | |



D16227/23

■ इम्पेक्ट फीचर

विश्व की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक मध्यप्रदेश की परियोजना

# मोहनपुरा - कुंडालिया परियोजना में प्रेशराइज्ड पाईप सिंचाई प्रणाली से मिल रहा खेतों को पानी

मोहनपुरा - कुंडालिया वृहद सिंचाई और पेयजल की बड़ी परियोजनाओं में से एक है। यह मालवा के राजगढ़ जिले में स्थित है, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों लोकार्पित किया गया था। अभी हाल ही में एक बड़े समारोह के माध्यम से केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ के मोहनपुरा डेम पर किसानों को बड़ी सौगात दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 8481 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मोहनपुरा - कुंडालिया प्रेशराइज्ड पाईप सिंचाई प्रणाली परियोजना का लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि यह प्रेशराइज्ड पाईप प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। बाँध से सीधे खेतों तक भूमिगत पाईप लाइन से जल पहुँचाया जाएगा। प्रदेश की इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश ही नहीं, दुनिया में भी इस पद्धति को सराहना मिल रही है। केन्द्र सरकार द्वारा भी सभी राज्यों में इस तकनीक के आधार पर सिंचाई परियोजनाएं बनाई जा रही हैं। इस प्रकार देखा जाए तो मध्यप्रदेश अपने कई नवाचारों के मामले में देश के अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका में है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हुआ मोहनपुरा-कुंडालिया वृहद सिंचाई और पेयजल परियोजना का लोकार्पण

### प्रदेश में बनेंगे 5,936 नए अमृत सरोवर

भारत सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में 75 के मान से 3900 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध प्रदेश में 5,936 अमृत सरोवरों के निर्माण जारी है। स्व-सहायता समूहों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से उन्हें अमृत सरोवर से जोड़ा गया है। ये समूह मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन और सिंचाई जैसे कार्यों के लिए अमृत सरोवर मिशन से जुड़ चुके हैं।

### सिंचाई में वृद्धि से बढ़ेगी पैदावार

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रथम चरण में राजगढ़ जिले के लक्षित 988 ग्राम में से 537 ग्राम का एक लाख 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। मोहनपुरा परियोजना से 94 हजार 845 हेक्टेयर और कुण्डालिया परियोजना से 30 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में पाईप आधारित सिंचाई होगी।

## जल संसाधनों के प्रबंधन, संरक्षण एवं संवर्धन में मध्यप्रदेश प्रथम



जल संसाधन के बेहतर उपयोग, जल संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार प्रदेश के जल-संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, पानी की नीति, सिंचाई के लिए माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग, नई माइक्रो इरीगेशन परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता (एफीशिएंसी), जल - संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में किए प्रयासों व उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

## मध्यप्रदेश में 179 नवीन सिंचाई परियोजनाएं प्रारंभ

प्रदेश सरकार की जल नीति के अंतर्गत बेहतर प्रबंधन का परिणाम है कि बीते 3 वर्षों में लगभग 179 नवीन सिंचाई परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं। इसमें 7 वृहद, 12 मध्यम एवं 159 लघु सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं। इस प्रकार देखा जाये तो कुल 179 सिंचाई परियोजनाओं की अनुमानित लागत 14 हजार 79 करोड़ रुपये है।

## बांधों की सुरक्षा के लिए डेम सेफ्टी रिव्यू पैनल गठित

मध्यप्रदेश जल संग्रहण के साथ-साथ बांधों की सुरक्षा को लेकर भी काफी संवेदनशील है । यही कारण है कि है प्रदेश में डेम सेफ्टी रिव्यू पैनल गठित की गई है। पैनल का प्रमुख कार्य प्रदेश में स्थित सभी संवेदनशील बांधों का प्रतिवर्ष निरीक्षण कर उसकी रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करना है, इससे देखभाल समय रहते होगी।

## औद्योगिक प्रयोजन में पानी

पेयजल / घरेलु उपयोग के लिए 2900 मि.घ.मी., जल आवंटित किया गया जिसमें से 1640 मि.घ.मी. निर्मित जलाशयों तथा 1260 मि.घ.मी. नैसर्गिक स्रोतों से किया गया है। इसके अतिरिक्त औद्योगिक उपयोग के लिए 1893.00 मि.घ.मी. जल आवंटित किया गया है जिसमें से 901 मि.घ.मी. विभाग द्वारा निर्मित जलाशयों तथा 992 मि.घ.मी. नैसर्गिक स्रोतों से किया गया है। वर्तमान में निर्माणाधीन वृहद एव मध्यम परियोजनाओं से पेयजल / घरेलु एवं औद्योगिक प्रायोजनों के लिए 34.19 मि.घ.मी. जल आवंटित किया जा सकता है।

## प्रदेश में 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' प्रारंभ



मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसके द्वारा वर्ष 2015-16 में भारत सरकार द्वारा सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि हेतु उपयोगी जल संसाधन एवं सिंचाई प्रक्रिया में बेहतर वैज्ञानिक प्रगति लाने के उद्देश्य से %प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना% प्रारंभ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत कुछ अन्य परियोजनाएं हैं जैसे सिंचाई लाभ, हर खेत पानी, पर ड्रॉप मोर क्रॉप और जल ग्रहण क्षेत्र विकास शामिल हैं।

## जलाभिषेक अभियान जारी

मध्यप्रदेश प्रदेश सरकार ने जल संचय की दिशा में अनेक कदम उठाये हैं। जिनमें वर्ष 2008 में उठाया गया जलाभिषेक अभियान है । इस अभियान के तहत अभी तक प्रदेश में 5 लाख से अधिक वाटर बॉडीज का निर्माण किया गया है।

मजबूत जल प्रबंधन - सिचाई के निरंतर प्रयासों से सुदृढ़ हुई प्रदेश की अर्थव्यवस्था

# प्रदेश में सिचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर लाने का मंसूबा



### वर्ष 2003 में मात्र 7.5 लाख हेक्टेयर थी सिंचाई क्षमता

मध्यप्रदेश में फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए शिवराज सिंह चौहान की सरकार नित नए प्रयास कर रही है। पहले किसान सिंचाई सुविधाओं का अभाव होने के कारण एक फसल भी बमुश्किल कर पाते थे। लेकिन आज प्रदेश सरकार के प्रयासों से अन्नदाता को खेती करना आसान हुआ है। सिंचाई सुविधाओं के लगातार विस्तार से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही माइक्रो इरीगेशन और सूक्ष्म सिंचाई से पैदावार तो बढ़ी ही है साथ ही किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। इससे सिंचाई का रकबा बढ़ा है और किसानों को जरूरत अनुसार पानी मिलने लगा है। खुली नहरों के निर्माण को बंद करके नई सिंचाई परियोजानाओं में अब पाईप लाइन का प्रयोग किया जा रहा है। खुली नहर प्रणाली की अपेक्षा पाईप लाइन प्रणाली से लगभग दोगुने से भी अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव है। वर्ष 2003-04 में 07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध, अब 47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता निर्मित की गई है।

### हर बूंद का हो रहा इस्तेमाल

सिंचाई के लिए मध्यम् एवं वृहद सिंचाई परियोजनाओं में खुली नहरों का निर्माण बंद कर दिया गया है तथा भूमिगत पाईप लाइन के द्वारा सिंचाई की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मध्यप्रदेश में सभी नवीन मध्यम् एवं वृहद सिंचाई परियोजनाओं में खुली नहर वितरण प्रणाली के स्थान पर पाईप प्रणाली से सिंचाई हेतु जल की दक्षता दोगुना करने का संकल्प है। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मोर ड्रॉप मोर क्रॉप' के आह्वान पर जल उपयोग दक्षता उन्नयन की नीति का निर्माण किया गया है। इस नीति के अनुसार जल संसाधन विभाग का प्रयास है कि जल की हर एक बूंद का बेहतर इस्तेमाल करने पर जल की बर्बादी को रोका जा सके।

### पाईप लाइन से सिंचाई

इस पद्धति में सिंचाई के लिए जल को पाईप के माध्यम से खेतों तक पहुंचाया जाता है, इससे जल बर्बाद नहीं होता और उसका सार्थक उपयोग होता है। पुरानी सिंचाई परियोजनाओं में खुली नहरों के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी, जिसमें पानी बर्बाद होता था ।

### आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश: वर्ष-2025 तक 65 लाख हेक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य

वर्ष-2025 तक सरकार का लक्ष्य 65 लाख हेक्टेयर में सिंचाई उपलब्ध कराना है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में वर्तमान में लगभग 45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं अगले 2 वर्षों में 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रदेश में सिंचाई क्षमता बजट में वृद्धि से किसान सीधे लाभान्वित

प्रदेशभर में लघु, सूक्ष्म, मध्यम सिंचाई की जितनी भी परियोजनाएं सफल और संचालित होती दिखाई दे रही हैं। उन सबका मूल आधार उनके लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया जाना है। वर्ष 2002-03 में विभागीय बजट 877.42 करोड़ रुपये होता था। जो 2022-23 में बढ़कर 6864 करोड़ रुपये हो गया है । तुलना की दृष्टि से देखें तो यह 700 प्रतिशत की वृद्धि है। एक बात तो साफ है कि शिवराज अन्नदाता के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। यही कारण है कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

### सिंचाई परियोजना के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि, पैदावार में बढ़ोतरी

मध्यप्रदेश कृषि उपार्जन के मामले में अन्य राज्यों को पीछे करते हुए सबसे अग्रणी राज्य बना है। इसकी मुख्य वजह है प्रदेश की सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि। वर्ष 2002-03 में लघु, मध्यम, वृहद् कुल परियोजनाएं मिलाकर 3345 थी। 20 वर्षों के उपरान्त 1954 अतिरिक्त योजनाएं निर्मित कर अब कुल 5299 संचालित की जा रही हैं। अब खुली नहर के स्थान पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग किया जा रहा, जिससे जल का अनुकूलतम और अधिकतम उपयोग करते हुए सिंचित क्षेत्र में निरंतर वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना

# पूरा हो रहा आमजन की प्यास बुझाने का संकल्प



शहरों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना वर्ष 2012 से प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत 50 हजार से अधिक जनसंख्या वाले शहरों के लिये परियोजना लागत का 20 प्रतिशत एवं 50 हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों के लिये परियोजना संचालित है। इस परियोजना में स्थानीय निकाय को राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है । शहरों में हर घर में नल और हर घर में जल लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

# सूक्ष्म सिंचाई पद्धति वाला मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य

## आधुनिक तकनीक के आधार पर प्रदेश में 55 सिंचाई परियोजनाएं हैं निर्माणाधीन



वर्तमान में निर्माणाधीन अधिकतर वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं में आधुनिक दवाब युक्त पाईप आधारित सूक्ष्म सिंचाई पद्धति का उपयोग किया जा रहा है 7 सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के माध्यम से उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग कर पाईप के माध्यम से प्रत्येक किसान के खेत तक पानी पहुंचाया जाता है। मध्यप्रदेश में वर्तमान समय में 55 निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाएं आधुनिक दबावयुक्त पाईप सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर आधारित हैं। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के माध्यम से प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य है, जहां नहरों से लोगों तक पानी पहुंचाना बेहद कठिन है। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर आधारित योजनाओं का निर्माण और उस पर क्रियान्वयन करने वाला मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य है।

नवाचार की मिसाल - केवल जल संग्रहण ही नहीं, गौरव गाथाओं को अक्षुण्ण बनाने की अनूठी पहल

# अमृत सरोवर- जल संरक्षण से जीवित हो रही विरासत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पहल अमृत सरोवर ने प्रदेश में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल को प्रदेश की धरती पर उतारने का काम शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने पूरा किया है। आजादी के 75वें वर्ष में लक्ष्य एक जिले में 75 सरोवर बनाने का था, लेकिन मध्यप्रदेश में इसकी उपयोगिता को देखते हुए 5 हजार से अधिक अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह सरोवर जल संरक्षण का काम तो करेंगे ही साथ ही किसानों की आय बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका निभाएंगे। इन सरोवरों के माध्यम से 2 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ रोज़गार के अवसर भी बढ़ेंगे। इन सरोवरों के ज़रिए मछली पालन और सिंघाड़े की खेती भी होगी।



अमृत सरोवर सिर्फ़ जल संग्रहण का उद्देश्य ही पूरा नहीं करते बल्कि स्थान विशेष से जुड़ी गौरव गाथाओं, इतिहास, विरासत, धरोहरों, सामाजिक व धार्मिक आंदोलन, वैचारिक, संस्कृति व क्षेत्र की अन्य विशेषताओं को चिर स्थाई बनाने के लिए भी निर्मित किए जा रहे हैं। यह सरोवर पर्यावरण, जैव विविधता व पर्यटन के व्यापक लक्ष्य को पूरा करने के लिए भी उपयोगी हैं। जल संग्रहण के ज़रिए ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकेगा। इस मिशन के ज़रिए कई छोटे-बड़े तालाबों का भी जीर्णोद्धार होगा। मध्यप्रदेश में अमृत सरोवर का शुभारंभ 15 अप्रैल 2022 को किया गया। अब तक 4500 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 1500 निर्माणाधीन हैं। पूर्ण हो चुके अमृत सरोवर के किनारे निर्मित फ्लैग पोस्ट पर 15 अगस्त 2022 को ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। अमृत सरोवर निर्माण में गांव की जनता भी पूर्ण सहयोग दे रही है। अब तक 39 करोड़ रुपये का सहयोग मशीनों और श्रमदान के रूप में प्राप्त हो चुका है। 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 36 हेक्टेयर से अधिक भूमि दान के रूप में दी गई है।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-03, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 79 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
02 सितंबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
32 अधिकतम
24 न्यूनतम



# अब सूरज से शोकहैंड के लिए उड़ान पर निकला आदित्य

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।**

भारत आज फिर इतिहास रचने की उड़ान पर है। ठीक 11.50 बजे स्पेस सेंटर से सूरज के रहस्यों की खोज के लिये आदित्य एल 1 ने आज उड़ान भरी। यह 15 लाख किमी की यात्रा है जो करीब 127 दिन में पूरी होगी। हाल में 23 अगस्त को चंद्रयान की चांद पर सफल लैडिंग के बाद पूरा देश 'मिशन सूरज' की कामयाबी की दुआ कर रहा है। आदित्य PSLV-XL रॉकेट अंतरिक्ष में छोड़ेगा। यह पीएसएलवी की 59वीं उड़ान है। यह रॉकेट 145.62 फीट ऊंचा है. लॉन्च के समय इसका वजन 321 टन रहता है। यह चार स्टेज का रॉकेट है। ये रॉकेट आदित्य-Lv को धरती की निचली कक्षा में छोड़ेगा। आदित्य-रु का वजन 1480.7 किलोग्राम है। लॉन्च के करीब 63 मिनट बाद रॉकेट से आदित्य-Lv स्पेसक्राफ्ट अलग हो जाएगा। पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट वैसे तो आदित्य को 25 मिनट में ही आदित्य को तय कक्षा में पहुंचा देगा। यह इस रॉकेट की सबसे लंबी उड़ानों में से एक है।

## 16 दिन धरती के चक्कर, फिर 109 दिन की यात्रा

लॉन्च के बाद 16 दिनों तक आदित्य-Lv धरती के चारों तरफ चक्कर लगाता रहेगा। इस दौरान पांच ऑर्बिट मैन्यूवर होंगे ताकि सही गति मिल सके। इसके बाद आदित्य-Lv का ट्रांस-लैरेंजियन 1 इंसर्शन होगा। फिर यहां से शुरू होगी उसकी 109 दिन की यात्रा। इसरो को आदित्य-एल1 का सारा डेटा रियल टाइम में मिलता रहेगा। इसरो लगातार सूरज की वजह से बदलने वाले अंतरिक्ष के मौसम पर नजर रख पाएगा। ठीक 127 दिन बाद यह अपने पॉइंट Lv तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर पहुंचने के बाद Aditya-Lv बेहद अहम डेटा भेजना शुरू कर देगा।

## सूर्य कितना बड़ा है? 13 लाख पृथ्वी के बराबर

सूर्य हमारे सौर मंडल की सबसे बड़ी वस्तु है, जिसकी केंद्र से सतह तक की दूरी 6,95,508 किलोमीटर है। इसमें पूरे सौर मंडल के द्रव्यमान का 99.86 फीसदी हिस्सा है। यह द्रव्यमान इतना है कि सूर्य में लगभग 13 लाख पृथ्वी समा सकती हैं। सूर्य पृथ्वी से लगभग 100 गुना और सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति से लगभग 10 गुना अधिक चौड़ा है। यदि सूर्य एक सामान्य सामने वाले दरवाजे जितना लंबा होता, तो पृथ्वी निकल धातु के आकार की होती।

## सूर्य कितना गर्म है?

*कोर यानी केंद्र सूर्य का सबसे गर्म भाग है, जिसका तापमान 1.5 करोड़ डिग्री सेल्सियस है। इससे असाधारण मात्रा में ऊर्जा निकलती है जो बदले में गर्मी और प्रकाश के रूप में निकलती है। कोर में उत्पन्न ऊर्जा को बाहरी परत तक पहुंचने में दस लाख वर्ष तक का समय लगता है।लेकिन यह अभी भी इतना गर्म होता है कि हीरा उबल जाए।*



## नाकाम चोर ने बैंक को दी शाबाशी

**हैदराबाद।** यहां एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, क्योंकि चोर जब बैंक में तमाम कोशिश के बाद भी चोरी नहीं कर सका तो बैंक की तारीफ में एक नोट लिखकर वहां से निकल गया। उसने इस नोट में पुलिस से यह भा आग्रह किया कि उसे न पकड़ें। मामला मंचेरियल जिले में नेन्नल मंडल का है। ग्रामीण बैंक में सुबह ताला खोला गया तो सब अस्तव्यस्त था।। बैंक कर्मचारी घबरा गए। हालांकि बैंक में चोरी नहीं हुई थी। रुपये, कीमती सामान और लॉकर सब सुरक्षित था। फिर भी बैंक कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। यहां जांच की गई तो एक अखबार मिला। इस अखबार में चोर ने एक नोट लिखा था। बैंक प्रबंधन ने चोर के समाचार पत्र पर लिखा संदेश भी पुलिस को दिखाया। इस पर लिखा था, 'मेरी उंगलियों के निशान वहां नहीं होंगे। बैंक अच्छा है। एक रुपया भी नहीं मिल सका। इसलिए, मुझे मत पकड़ना।'

## अब जवान काटेगा गदर, 2.71 लाख टिकट बिके

**मुंबई।** इस वक्त फिल्म उद्योग के अच्छे दिन चल रहे हैं। अब शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' की चर्चा हैं जो 7 सितंबर को रिलीज हो रही है। जानकारों का मानना है कि यह बॉक्स ऑफिस पर सुनामी बनकर आ रही है। इसका अंदाजा पहले दिन की एडवांस बुकिंग से लगाया जा सकता है। कल दिनभर में 'जवान' की एडवांस बुकिंग के पहले दिन 22 घंटों में इसकी 2 लाख 71 हजार 176 टिकटें बिक गईं। जबकि अभी ओपनिंग डे की एडवांस बुकिंग के 5 दिन का वक्त और बाकी है। अब तक बाक्स आफिस पर गदर-2 का सिक्का चल रहा है। जिसने करीब पांच सौ करोड़ कमा लिये हैं। वहीं ओएमजी व रॉकी रानी की प्रेम कहानी ने भी जमकर पैसा कमाया है।

### मुख्यमंत्री ने 38 हजार को बांटे पट्टे, दीनदयाल रसोई के तीसरे चरण की शुरूआत

# गरीब की थाली का दाम आधा, बेघरों के लिए जल्द नई आवास योजना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीएम शिवराज सिंह ने आज यहां दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण की शुरूआत की और गरीबों की भोजन की थाली का दाम भी आधा कर दिया, अब 10 के बजाए गरीबों को यहां पांच रूपर में भोजन मिलेगा,अंतर की राशि राज्य सरकार अदा करेगी। आज प्रदेश में 66 नए दीनदयाल रसोई केंद्रों की सौगात दी गई। अब प्रदेश में 166 दीनदयाल स्थायी रसोई केन्द्र हो गये हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि, प्रदेश में जल्द ही नई मुख्यमंत्री जनवास योजना चलाई जाएगी तथा चलित रसोई भी जल्द शुरू की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में आवासहीनों को सरकार आवास बनाने के लिए भूमि के पट्टे भी दिये गये।

कुशाभाऊ ठाकरे अंतराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिवराज ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमारा फोकस गरीब कल्याण पर है। लाड़ली बहना योजना से हम महिलाओं को उनका अधिकार दे रहें हैं। यही सामाजिक न्याय है। हम हर कदम पर गरीबों के साथ खड़े हैं। अन्न के अलावा दूसरी जरुरत रहने के लिए स्थाई आवास की होती है। गाँव में हम मुख्यमंत्री भू-आवास योजना चला रहे हैं। शहर में माफियाओं से 23 हजार एकड़ जमीन छुड़वाई है। इस जमीन पर रहने लायक गरीबों के लिए मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जा रही है। बिना पट्टों के रहने वालों को पट्टा दिया जाएगा। इसमें 2020 तक लोगों को सम्मिलित किया गया है। शिवराज ने कहा कि आवास योजना के तहत हम नई मुख्यमंत्री जनवास योजना प्रदेश में जल्द शुरू करेंगे। 38 हजार से अधिक आवासहीनों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पट्टे वितरित किए। इस मौके पर सीएम शिवराज ने अपने इस संकल्प को पुनः दोहराया कि कोई भी गरीब अब जमीन और आवास के बगैर नहीं रहेगा। जिन लोगों के मकान पीएम आवास योजना के तहत नहीं बन सके, उन्हें मुख्यमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत घर दिए जाएंगे। इससे पहले भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण में 66 नगर पालिकाओं में स्थाई रसोई केंद्रों का शुभारंभ किया गया है। इन्हें मिलाकर अब प्रदेश में 166 दीनदयाल स्थायी रसोई केंद्र हो गए हैं। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी मौजूद थे।



***बारिश के लिए प्रार्थना:*** *प्रदेश में इस बार कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम मैं बारिश होने की प्रार्थना की उन्होंने कहा कि, 50 साल में ऐसा संकट नहीं आया। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में सबसे निवेदन किया की वे बारिश होने की प्रार्थना करें जिससे प्रदेश में अच्छी फसल हो सके।*

## कांग्रेस प्रभारियों ने जिलाध्यक्षों से मांगे नाम

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मप्र कांग्रेस के लिये चुनाव प्रभारी व राज्य प्रभारियों ने आज से मोर्चा संभाल लिया है। रणदीप सिंह सुरेजवाला और जितेंद्र सिंह ने आज सभी जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ बैठक शुरू कर दी है। बताया जाता है कि बैठक में सीलबंद लिफाफे में दावेदारों के नाम, दावेदारी का आधार, जाति-उप जाति आदि की जानकारी मांगी गई है। बैठक में सभी से प्रत्याशियों के बारे में उनकी राय ली जाएगी। इसके बाद अगले तीन दिन तक ब्लाक अध्यक्ष, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक करके उनका पक्ष लिया जाएगा। आज सुबह पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ के साथ दोनों प्रभारियों ने चर्चा की और फिर तीनों बैठक में पहुंचे। सुरजेवालां व जितेंद्र सिंह यहां कांग्रेस के टिकट उम्मीदवारों से भी मुलाकात करेंगे।



**भोपाल।** भाजपा छोड़ चुके विधायक वीरेंद्र रघुवंशी व चंद्रभूषण बुंदेला गुड्डू राजा समेत कई नेता आज कांग्रेस में शामिल हुए।

## ड्यूटी से लौट रहे पुलिसकर्मी हादसे का शिकार, तीन मौत



**खरगोन।** ड्यूटी कर लौट रहे पुलिसकर्मी हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि बड़ूद एस्सार पेट्रोल पंप के पास हुई सड़क दुर्घटना में सनावद में पदस्थ तीन पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं,जिन्हें इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार खरगोन में ड्यूटी खत्म कर पुलिसकर्मी कार से सनावद लौट रहे थे। इसी दौरान शनिवार अलसुबह उनकी कार अन्य वाहन से टकरा गई। हादसे की सूचना पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी सनावद पहुंच गए। दुर्घटना में पुलिसकर्मी विमल तिवारी, रमेश भास्करे और मनोज कुमावत की मौत हो गई। कार में सवार दो अन्य पुलिसकर्मी रघुवीर रावत और कोमल दांगोडे घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में इंदौर रेफर किया गया है। इस हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## जी 20 के लिए कई ट्रेनें रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी-20 की बैठक के चलते आठ सितंबर से वाया रोहतक से गुजरने वाली 15 से ज्यादा ट्रेनों को तीन दिन के लिए रद्द कर दिया गया है। उत्तर रेलवे ने सम्मेलन के चलते दिल्ली आने वाली लगभग 40 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके अलावा 12 ट्रेनों का टर्मिनेट स्टेशन बदला है। साथ ही 70 ट्रेनों को सेटेलाइट स्टेशनों से जोड़ा गया है। जिससे इन तीन दिनों में काफी ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। वहीं दिल्ली में भी मेट्रो तीन दिन बंद रहेंगी, यह चुनिंदा स्टेशन तक ही चलेगी।



## बरेली का झुमका मिला कीमत 18 लाख!




**सन** 1966 में प्रदर्शित फिल्म 'मेरा साया' में नायिका का झुमका जो गिर गया था, वह अब मिल गया है और उसे देखने बरेली जाना पड़ेगा। इस गाने से उत्तरप्रदेश के शहर बरेली को प्रसिद्धि मिली थी। बरेली विकास प्राधिकरण ने शहर के एनएच 24 के जीरो प्वाइंट पर एक झुमका बनवाया है, जिसकी ऊँचाई 14 फीट और वजन 200 किलो है, यह पीतल और ताँबे से बना है और इसे गुड़गाँव के एक कारीगर ने बनाया है। इसकी कीमत 18 लाख है। इस जगह का नाम 'झुमका तिराहा' रखा गया है।

**मेट्रो एंकर**

### एशिया कप में भारत-पाक की पहली भिड़ंत आज, चरम पर रोमांच

# महामुकाबले के मनोवैज्ञानिक लाभ ज्यादा अहम

**आलोक गोस्वामी**

पूरी दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों को टीम इंडिया और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 के संभावित 3 में से पहले महामुकाबले का इंतजार अब खत्म हो रहा है। श्रीलंका के कैंडी में एशिया कप भी वर्ल्डकप की तरह वनडे फॉर्मेट में खेला जा रहा है।अलबत्ता जीत-हार का मनोवैज्ञानिक लाभ इस टूर्नामेंट से लेकर वर्ल्ड कप तक मिल सकता है। टीम इंडिया के प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी के बाद बल्लेबाजी क्रम व टीम संयोजन के लगातार प्रयोग के लिहाज से यही आखिरी मौका साबित होगा। श्रेयष अय्यर, बुमराह की वापसी व के एल राहुल की गैरमौजूदगी को टीम प्रबंधन किस तरह संयोजित करता है यह देखना रोचक होगा। सबसे बड़ा सवाल ईशान किशन को एकादश में शामिल करने पर उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर है। दरअसल पिछले कई मौकों पर लेफ्ट- राइट कॉम्बिनेशन की वजह से ईशान किशन को शुभमन गिल की जगह आजमाया गया है। अगर टीम प्रबंधन के जहन में वर्ल्ड कप को लेकर कोई योजना है तो फिर इस मैच में यह दांव आजमाने का मौका है। केएल राहुल की फिटनेस भले ही फिलहाल 2 मैचों में नहीं है,लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या वह वर्ल्ड कप तक 100 प्रतिशत फिट रहेंगे। वैसे भी राहुल की गैरमौजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ किशन के लगातार 3 अर्धशतक बतौर ओपनर ही आये हैं। दोनों टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में बल्लेबाजों की भूमिका निर्णायक रह सकती है,लेकिन जब मौसम और पिच गेंदबाजों के लिए मददगार रहती है तो फिर कसौटी पर बल्लेबाज रहेंगे और मैच का रुख टीम के पक्ष में करने में गेंदबाज ही अहम किरदार निभायेंगे। दोनो ही टीमों के पास मैच में 6 गेंदबाजी विकल्प मौजूद रहेंगे। टीम इंडिया के कप्तान ओर प्रबंधन शार्दूल ठाकुर व अक्षर पटेल में से किसको आजमाते है यह सवाल दरअसल नेपाल के बांये हाथ के फिरकी के खिलाफ पाक बल्लेबाजों को शुरुआती परेशानी देखने की वजह से भी बनता है। आज के महामुकाबले के बाद तमाम सवालों के जवाब टीम इंडिया के चाहने वालों मिल जायेंगे। भले ही एशिया कप के इस बहुचर्चित पहले महामुकाबले का फैसला किसी भी टीम के पक्ष में रहे, लेकिन दोनों टीमों मानसिक अभ्यास भी बेहतर तरीके से कर सकती हैं,वैसे बेहतर तो यह है कि दोनों ही टीमें 'भारत-पाक वाले' दबाव से मुक्त होकर 'उन्मुक्त व स्वाभाविक' क्रिकेट खेलें, यही असल रोमांच बढाएगा।



# नाबालिग बालिका से दुष्कृत्य, आरोपी को 20 साल की जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नाबालिक बालिका से दुष्कृत्य करने वाले एक आरोपी को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर विभिन्न धाराओं में 16 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। 19वें अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय पॉक्सो) रश्मि मिश्रा की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दीप्ति पटेल, वर्षा कटारे द्वारा पैरवी की गई है। लोक अभियोजक के अनुसार, जहांगीराबाद थाने में दर्ज प्रकरण में न्यायालय ने साक्ष्य, तर्को एवं वैज्ञानिक परीक्षण के आधार पर आरोपी पवन यादव को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।



**न्यायालय ने आरोपी पर 16 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया**

**यह है पूरा मामला:** लोक अभियोजक के अनुसार, 17 अप्रेल 2017 को पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि 2 अप्रेल 2017 को वह अपनी मां के साथ काम पर गई हुई थी। शाम को करीब 5 बजे आरोपी आया और बहाने से उसे अपने घर ले गया। जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कृत्य किया। आरोपी ने इस दौरान मोबाईल मे वीडियो भी बना लिया गया और धमकी दी किसी को कुछ बताया तो ये वीडियो सबको दिखा दूंगा। जिसके बाद आरोपी पीड़िता को लगातार तीन-चार दिनो से डराकर धमकाकर गलत काम किया गया।

**ई-प्रवेश**

## 6वें सीएसलसी राउंड में अंतिम दिन तक 20 हजार नए पंजीयन

### 4 तक सत्यापन, मेरिट लिस्ट 6 को, 15 सितंबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के निजी व सरकारी कॉलेजों की करीब 2.97 लाख खाली सीटों पर प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग का 6वां अतिरिक्त राउंड जारी है। इसमें अंतिम दिन तक 20,123 नए पंजीयन हुए हैं, जबकि 61,387 विद्यार्थियों ने चॉइस लॉक की है। हाल ही में एमपी बोर्ड की 12वीं के सप्लीमेंट्री का रिजल्ट आया है, ऐसे में इसमें पास हुए करीब 85 हजार विद्यार्थियों को प्रवेश देने के लिए विभाग द्वारा सीएलसी का छठवां राउंड 28 अगस्त से शुरू किया गया है। इस राउंड में शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग को अंतिम दिन था। आवंटित कॉलेजों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जाएगा। यूजी प्रथम वर्ष और पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन 4 सितम्बर तक कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। प्रदेश के 1,361 सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों की 9.67 लाख सीटों में प्रवेश के लिए यह काउंसलिंग कराई जा रही है। मुख्य राउंड और पांच सीएलसी राउंड में यूजी-पीजी में 4.72 लाख एडमिशन ही हुए हैं।

### अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर तक

विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में पाठ्यक्रम के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा।

### बिजली कंपनी भी अपने स्तर पर तैयार

## गणेश व दुर्गा उत्सव के लिए आसानी से मिलेगा कनेक्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में गणेश व दुर्गा उत्सव के लिए आसानी से बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके लिए बिजली कंपनी के मैदानी अमले को सतर्क कर दिया है। यह भी कहा कि जो भी समिति अस्थाई कनेक्शन लेने आती हैं, उन्हें मदद करें और विधिवत कनेक्शन दिए जाएं।

हालांकि अभी दोनों ही उत्सव के लिए अभी समय है लेकिन समितियों ने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है और बिजली कंपनी भी अपने स्तर पर तैयार है।



### यह करना होगा

लाइसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में लगानी होगी। वायरिंग आदि ठेकेदार से ही करवाना होगा। विद्युत भार के अनुरूप ही सुरक्षा निधि और उपभोग की राशि पहले ही जमा कराकर रसीद अवश्य लेना होगी। जिसकी एक प्रति झांकी पंडाल में लगाना अनिवार्य होगा।

### यहां करें आवेदन

धार्मिक उत्सव समिति के पदाधिकारी उक्त अस्थाई कनेक्शन के लिए कंपनी के जोन कार्यालय, वितरण केंद्र में निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए आवेदन कर सकते हैं। बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।

### तो होगी कार्यवाही

अधिकारियों का कहना है कि अधिक भार से ट्रांसफार्मर के जलने की संभावना और दुर्घटना की आशंका रहती है। अनाधिकृत विद्युत उपयोग करने पर इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत उपयोगकर्ता और विद्युत ठेकेदार के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## सेंट्रिंग प्लेट के नीचे दबा दो साल बच्चा, मौत

**भोपाल।** शाहपुरा स्थित रोहित नगर में निर्माणाधीन मकान में दो साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे सेंट्रिंग प्लेट के नीचे से निकालकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार महेश, जिला छिंदवाड़ा, तहसील जुन्नारदेव के एक कस्बे में रहता है और भोपाल में पत्नी और दो साल के बेटे विराट के साथ रह रहा था। महेश का काम रोहित नगर में निर्माणाधीन मकान में चल रहा था। गत 24 अगस्त की शाम काम खत्म होने के बाद वह पत्नी के साथ मुंह हाथ धोने के लिए चले गए थे। इस दौरान उन्होंने अपने दो साल के बेटे विराट को वहीं छोड़ दिया था। दंपती मुंह हाथ धोकर लौटे से सेंट्रिंग प्लेट के नीचे विराट दबा हुआ मिला। उसके सिर में गंभीर चोट थी। परिजन उसे कोलार स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां से एम्स में भर्ती करा दिया था। एम्स में इलाज के दौरान कल विराट की मौत हो गई। अनुमान है कि खेलते समय विराट सेंट्रिंग प्लेट पर चढ़ने का प्रयास कर रहाथा, तभी जमी हुई सेंट्रिंग प्लेट उसके सिर पर गिर गई।

## मप्र में अब 1800-599-1480 होगा नया चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



भारत सरकार ने बच्चों के हित में मप्र का नया चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर जारी दिया है। अब जरूरतमंद या किसी मुसीबत में फंसे बच्चे टोल फ्री नंबर 1800-599-1480 पर कॉल कर सहायता मांग सकेंगे। बता दें, मप्र सहित पूरे देश में चाइल्ड लाइन (1098) की सेवाएं 31 अगस्त को समाप्त कर दी गई हैं। ऐसे में बच्चों को परेशानी से बचाने के लिए नए ट्रोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं। अब बच्चे इस नए नंबर पर अपनी परेशानी साझा कर पाएंगे।

## विस चुनाव से पहले बनेंगे ढाई लाख आयुष्मान कार्ड

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव के पहले जिले में ढाई लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी कलेक्टर को दी गई है। वह जिले के सीएमएचओ की देखरेख में उक्त कार्ड बनवाएंगे। इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। एक सितंबर से 31 दिसंबर तक आयुष्मान भव कार्यक्रम चलेगा, जिसमें ब्लाक स्तर पर स्वास्थ्य मेले लगाए जाएंगे। छह




सितंबर को जन आरोग्य समिति द्वारा आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, स्वास्थ्य सेवाओं से

### शासन ने कलेक्टर को दी जिम्मेदारी

संबंधित मुद्दों और सामाजिक जवाबदेही को बढ़ावा दिया जाएगा। ये शिविर शहरों में वार्ड और मोहल्लों में लगाए जाएंगे तो ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे।

इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए कलेक्टर ने हाल ही में टास्क फोर्स समिति की बैठक की है। जिसमें मैदानी अधिकारियों को उक्त कार्ड बनाने के लिए लगाए जाने वाले मेलों की तैयारियां करने को कहा है।

## चुनाव पूर्व नशे के कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी को नशामुक्त बनाने और अवैध शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने पर अपना चाबुक चलाया और दो दर्जन से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्करों के पास से लाखों रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है। पकड़ गए सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। बागसेवनिया पुलिस ने कुल नौ तस्करों से करीब 53 लीटर अवैध शराब जब्त की । इसकी की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार बैरागढ़ पुलिस ने मोनू मैना से 20 हजार रुपए, गांधी नगर में फरहान उर्फ भैया से 21 हजार, छोला मंदिर में आशीष कुशवाह और राहुल से 22 हजार, निशातपुरा में मुर्तजा अली से 20 हजार, चूनाभट्टी में करण बानखेड़े से 22 हजार, गौतम नगर में संतोष ठाकुर से डेढ़ हजार, मंगलवारा में मोहम्मद सलमान से डेढ़ हजार, तलैया में फिरोज से 21 हजार और भोला से डेढ़ हजार, कोतवाली में नौशाद से 12 सौ, ऐशबाग में मयंक चौहान से साढ़े 5 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त हुई।

## हादसे में घायल महिला को ट्रैफिक सूबेदार ने पहुंचाया अस्पताल

**भोपाल।** सड़क हादसे में घायल हुई एक बुजुर्ग महिला को ट्रैफिक में पदस्थ सूबेदार ने तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला का इलाज चल रहा है। इस हादसे में टक्कर मारने वाले बाइक सवार दो युवकों को भी चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार रातीबढ़ थानांतर्गत ग्राम सिकंदराबाद निवासी बसंत अहिरवार (20) अपने दोस्त जयदीप के साथ मोटर सायकिल से काली मंदिर से न्यू मार्केट की तरफ जा रहा था। इसी बीच उसने सड़क पार कर रही एक महिला अनीसा बी (60) को टक्कर मार दी, जिससे महिला सड़क पर गिरते ही बेहोश हो गई। इधर टक्कर मारने वाले दोनों युवक भी घायल हो गए। इसी बीच वीवीआईपी ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सूबेदार नरेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे।

## महिला उत्थान मंडल ने मजदूर बस्ती में मनाया रक्षाबंधन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत आसाराम बापू के महिला उत्थान मंडल ने मजदूर बस्ती में रक्षा बंधन मनाया। करीब 700 बच्चों के बीच पर्व मनाया गया। बस्ती की बहनों ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चारण के साथ रक्षा सूत्र बांधे। मिठाई खिलाई, आरती उतारी। मंडल की कार्यकर्ताओं ने बच्चों को रक्षा बंधन का महत्व बताया। कार्यक्रम में मजदूर बस्ती के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। मजदूर परिवारों ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम जीवन में पहली बार देखा। हर साल सामूहिक रक्षा बंधन कार्यक्रम का संकल्प भी लिया गया। महिला उत्थान मंडल की जया कृपलानी, दया तीर्थानि, राधा वाधवानी, शारदा निहलानी, प्रज्ञा सोनी, प्रवीना गर्ग, निकिता मेवाड़ा व अन्य बहनों ने सभी झुग्गियों में जाकर प्रसाद वितरण किया। आश्रम मीडिया प्रभारी भूपेंद्र मोदी ने बताया कि प्रत्येक अमावस्या को मंडल की ओर से यहां पर जीवनोपयोगी सामग्री का भी वितरण किया जाएगा।

## भोपाल रेल मंडल ने आर्यन को जारी किया पहला दिव्यांगजन रियायती पहचान पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आर्यन मेश्राम को भोपाल रेल मंडल ने पहला दिव्यांगजन रेलवे रियायती पहचान पत्र जारी किया है। यह सुविधा दिव्यांगजनों के लिए शुरू की है, पहले इस तरह के कार्ड मैनुअली जारी किए जाते थे, जिसमें दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन रेलवे ने यह व्यवस्था ऑनलाइन शुरू कर दी है। अब कोई भी पात्र दिव्यांगजन इसका फायदा उठा सकते हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल मंडल पश्चिम मध्य रेल का पहला मंडल है, जिसने ऑनलाइन दिव्यांगजन रियायत कार्ड जारी किया है। ऑनलाइन दिव्यांगजन रेलवे रियायती पहचान पत्र बनवाने के लिए www.divyangjanid.indianrail.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन किया जा सकता हैं। इस संबंध में किसी जानकारी/सहायता के लिए हेल्प लाइन नम्बर- 9630951262 पर कार्यालयीन दिवस में संपर्क

## 5 सितंबर को बीयू का दीक्षांत समारोह स्थगित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के शैक्षणिक सत्र 2021 -2022 का दीक्षांत समारोह स्थगित कर दिया गया है। यह समारोह 5 सितंबर को मिंटो हॉल में आयोजित होना था। बताया जा रहा है कि राज्यपाल मंगूभाई पटेल की व्यस्तता के कारण समय नहीं मिलने के चलते इसे अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया गया है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के भी शामिल होने की संभावना है। कुलपति प्रो. सुरेश कुमार जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां हो चुकी हैं। शीघ्र ही राज्यपाल से समय लेकर समारोह की अगली तारीख जारी की जाएगी। इस दीक्षांत समारोह के माध्यम से डिग्री प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स ने अपने रजिस्ट्रेशन करा लिए हैं। बीयू द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए सामान्य शुल्क के साथ 21 अगस्त और विलंब शुल्क के साथ 29 अगस्त तक का समय दिया गया था।

**मेट्रो एंकर**

### 10 दिनी प्राकृतिक चिकित्सा शिविर शुरू

## प्राकृतिक चिकित्सा से साधक सीख रहे स्वस्थ रहने की कला

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में दस दिनी 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' शुक्रवार से शुरू हुआ, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से साधक आकर हिस्सा ले रहे हैं। वे अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज से राहत की उम्मीद लेकर आए हैं।

शिविर के पहले दिन पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। व्याख्यान सत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गुलाब राय टेवानी ने शिविर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में बताया। टेवानी ने कहा कि शिविर का उद्देश्य है प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ रहना सिखाना है। शिविर में आप



अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करना। यहाँ पर आपको ऐसी दिनचर्या व उपचार पद्वति सिखाएंगे जिससे आप दूसरी बार कभी बीमार नही होंगे।

शिविर में प्राकृतिक चिकित्सकों एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर सुबह-शाम व्याख्यान दिए जाएंगे।

## जीवन में मूल्यों को समझाने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**हिरदाराम नगर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में यूनिवर्सल हुमन वैल्यूज एक अनोखी पहल है, जिसमें फैकल्टी मेंबर्स एवं स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में 8 से 10 सितंबर तक तीन-दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 50 से ज्यादा व्यावसायिक एवं तकनीकी संस्थानों के 100 शिक्षक भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैल्यू एजुकेशन एवं सेल्फ एक्सप्लोरेशन को बढ़ावा देना है, ताकि शिक्षक अपने विध्यार्थोयों को वैल्यू आधारित शिक्षा दें जिससे कि वे एक बेहतर नागरिक बन सके। व्यक्ति, परिवार एवं समाज मैं सौहार्दता लाने के लिए जीवन मूल्यों का महत्व इस कार्यशाला के द्वारा समझाया जाएगा।

## सिंधी महिला ने तीजड़ी पर लगवाई मेहंदी



**हिरदाराम नगर।** सिंधी महिला पंचायत, संतनगर ने तीजड़ी के एक दिन पहले फ्री मेहंदी लगवाने महिलाओं को इकट्ठा किया। महिलाओं और कन्याओं ने मेहंदी लगवाई। बता दे सिंधी समाज में तीजड़ी पर्व सुहागनें मनाती हैं, वे अपने पति की लंबी आयु और और कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति की कामना करती हैं। पर्व के दिन सुबह जल्दी उठकर कुछ खाकर मुंह जूठा करती हैं, इसके बाद दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं। दिन में मंदिर में झूला झूलने जाती हैं। मन्दिर में हाथ में बोए हुए ज्वार को गोद लेकर गाती हैं। पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने बताया कि- 'तीजड़ी माता हर हिंदौरे लोड़े । रानी पूजे राज सा मां पूजा सुहाग सा' गीत गाया जाता है। तीजड़ी माता को मीठा जल अर्पित किया जाता है। रात को मन्दिर में सामूहिक कथा सुनकर चंद्रमा को अर्घ्य देकर उपवास खोलती हैं। सीमा ब्यूटी पार्लर की संचालिका सीमा ललवानी ने पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी महासचिव मधु ललवानी की मौजूदगी में मेहंदी लगाई।

# सिद्धि राजपूत 10 मीटर पिस्टल निशानेबाजी में प्रथम



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कहते हैं कि योग्यता किसी परिचय का मोहताज नहीं होती यह बात सिद्ध होती हुई हमने सिवनी मालवा के पास एक छोटे से गांव में ग्राम बावड़िया भाऊ में देखने को मिली। मात्र 11 साल की कक्षा छठवीं में पढ़ने वाली सिद्धि पिता राहुल राजपूत ने 10 मीटर पिस्टल निशानेबाजी में संभागीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।पिछले दिनों इटारसी नगर में आयोजित प्रतियोगिता में हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले से आए प्रतिभागियों में कुमारी सिद्धि ने राज स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाइड कर ग्राम बाबड़िया भाऊ एवं सिवनी मालवा नगर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय सांसद राव उदय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी नें बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाईया दी। वही सिवनी मालवा नगर के पूर्व जनपद अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंडलोई,नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन,नगर के वरिष्ठ नेता संतोष पारीक, डॉ विशाल सिंह बघेल,यशवंत पटेल शंभू सिंह भाटी, रघुवीर सिंह राजपूत, महेश गोयल, सांसद प्रतिनिधि अरविन्द शहरोत, संदीप सिंह तंवर, ने सिद्धि को बधाई दी।

# कलेक्टर एवं एसपी ने विधानसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में वीसी के जरिए आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं एसडीओ पुलिस से उनके क्षेत्र में चिन्हित क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने आदतन अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कार्यवाही बाउंडोवर की कार्यवाही भी कर रिपोर्ट दे। कलेक्टर ने मतदाता सूची के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं



के चिन्हांकन की कार्यवाही भी की जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत उपस्थित रहे। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अन्य अधिकारी वर्चुअली वीसी में शामिल हुए।

## पार्टी की उपेक्षा के कारण छोड़ी भाजपा, जिले की राजनीति में मची खलबली

# पूर्व विधायक गिरिजा शंकर ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदापुरम संभाग की राजनीति के पुरोधा पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी है। पार्टी में लगातार उपेक्षा के चलते वह पिछले कई दिनों से पार्टी के कार्यक्रमों से भी दूरी बनाएं थे। पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा द्वारा कुछ दिनों पहले भी पार्टी छोड़ने के संकेत दिये थे, इसके बाद तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं थीं। हाल ही में शिवपुरी जिले के कोलारस विधानसभा के विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भी नवागत भाजपाईयों द्वारा उपेक्षा का आरोप लगाते भाजपा छोड़ दी है। इसकी जानकारी शुक्रवार को स्थानीय वाटिका रेस्ट्रोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में स्वयं श्री शर्मा पत्रकारों से रूबरू होते हुए दी है।



विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी लगातार सामने आ रही है, जिसका खामियाजा भाजपा को झेलना पड़ रहा है। एकजुटता की बात करने वाली भाजपा में अंदरूनी कलह जमकर उबाल मार रही है, परिणाम स्वरूप अब पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा द्वारा भाजपा छोड़ने से जिले की राजनीति के समीकरण बिगड़ सकते है। बता दें कि नर्मदापुरम में भाजपा के कद्दावर नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के बड़े भाई पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। हालाकि वह कांग्रेस में जायेंगे या नहीं यह स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।



पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने कहा है कि बीते 10 साल से अधिक समय से पार्टी उनकी उपेक्षा कर रही है। संगठन में नए लोग आ गए है ये नए लोग पुराने लोगों को लगातार दरकिनार कर रहे है पुराने नेताओं की पूछपरख नहीं की जा रही है। कई बार लगता है कि संगठन से बातचीत की जाये लेकिन संगठन में भी कोई सुनने वाला नहीं है।

बता दें कि जनसंघ के समय से भाजपा की सेवा करने कद्दावर नेता गिरिजाशंकर शर्मा दो नगरपालिका अध्यक्ष, दो बार के विधायक सहित भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके है।

राजनैतिक सूत्रों के अनुसार भाजपा में बड़े वरिष्ठ और पुराने नेताओं की उपेक्षा लगातार की जा रही है, जनसंघ से पार्टी का झंडा लेकर चलने वाले पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा द्वारा भाजपा छोड़ने से भाजपा को नुकसान होना तय माना जा सकता हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री शर्मा के भाजपा छोड़ने से करीब 500 कार्यकर्ता भी भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे सकते है। बता दें कि शर्मा परिवार को होशंगाबाद की राजनीति में खासा दखल है। इनके छोटे भाई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डा. सीतासरन शर्मा भी पांच बार से विधायक हैं। समूची विधानसभा में शर्मा परिवार की खासी पकड़ हैं जिसका फायदा लंबे समय से भाजपा उठाती आ रही हैं, लेकिन अब उनके द्वारा भाजपा छोड़ने से राजनैतिक समीकरण पूरी तरह गड़बड़ा गये है। हालाकि पूर्व विधायक श्री शर्मा ने कांग्रेस में शामिल के फिलहाल कोई संकेत नहीं दिये है।

# नर्सिंग होम संचालकों की प्रतिमाह बैठक आयोजित करें : कलेक्टर

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सीएमएचओ को निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



जिले में संचालित प्राइवेट नर्सिंग होम्स की प्रतिमाह बैठक आयोजित की जाएं। बैठक में मातृत्व मृत्यु दर, टीकाकरण, रैफरल सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं पर समीक्षा कर प्रतिमाह रिपोर्ट दें। यह निर्देश कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सीएमएचओ को दिए। उन्होंने बैठक में मातृत्व मृत्यु दर के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित महिला के परिजनों से भी चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने ग्राम पांजराकला निवासी गर्भवती महिला कल्पना चौरे की मृत्यु के प्रकरण में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश सीएमएचओ को दिए।

कलेक्टर ने बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर आदि स्वास्थ्य संबंधी जांचे समय-समय पर पूरी गुणवत्ता के साथ की जाए। जिला स्तरीय टीम से गर्भवती महिलाओं की इन जांचों का क्रॉस वेरिफिकेशन भी कराएं। कलेक्टर ने दस्तक अभियान एवं सघन मिशन इंद्रधनुष 0.5 क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि दस्तक अभियान में चिह्नित किए गए गंभीर कुपोषित बच्चे, एनीमिक बच्चे एवं जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों का बेहतर उपचार प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को डाटा संबंधी अशुद्धियों को भी दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश दहलवार सहित सभी बीएमओ उपस्थित रहे.

# पड़ोसी ने घर में घुसकर की मारपीट, चाकू से हमला

**सिवनी मालवा।** बीती रात दूधियावड़ कॉलोनी में एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट कर चाकू से घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 9:00 बजे के आसपास फरियादी गौतम राजपूत थाने आकर शिकायत करी की आरोपी दीपक लौवंसी एवं लक्की लोवनसी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी द्वारा उसके घर में घुसकर मारपीट की गई इस दौरान गौतम के दाहिने हाथ में चाकू के निशान है इस बीच गौतम की पत्नी राधिका भी बीच बचाव करने आई उसे भी चोट लगी है दूसरी और बीच बचाव करने आए संतोष लोबंसी को भी चोट के निशान आए हैं। पुलिस ने पूरे मामले में आईपीसी की धारा 456, 294, 323, 324, 506, 34 के तहत मामला पंजीकृत कर अपनी विवेचना में लिया।

## वाहन रैली में मतदाता जागरूकता का संदेश



**नर्मदापुरम.** जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत पचमढ़ी में मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में टैक्सी संघ पचमढ़ी द्वारा बड़ी संख्या में जिप्सी वाहन उपलब्ध कराये गये। वाहन रैली में पचमढ़ी की शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, आर्मी एजुकेशन पचमढ़ी के बीएड ट्रेनर आदि बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। उक्त रेली में चुनाव की महत्वता स्लोगन का वाचन किया गया, उक्त रैली को तहसीलदार पिपरिया वैभव वैरागी द्वारा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविप्रकाश नायक, एवं आयोजन हेतु स्टाफ ने भाग लेकर सफल बनाया। तहसीलदार पचमढ़ी/ पिपरिया द्वारा टॅक्सी संघ, स्कूलों के शिक्षक, छात्र-छात्राओं एवं साडा पचमढ़ी का आभार व्यक्त किया गया।

# दादा धूनी वाले के दरबार में सर्वधर्म सद्भाव की मनोकामना की अरदास




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

विश्व में अमन चैन एकता भाईचारा सद्भावना तरक्की खुशहाली की कामना लेकर खंडवा स्थित दादा धूनी वाले के दरबार में पहुंचे सर्व धर्म सद्भाव समिति के संरक्षक तथा जल संसाधन क्षेत्रीय स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष बशारत खान तथा विप्र एकता महासंघ के संभागीय अध्यक्ष अंकित दुबे रूपापुर वाले सहित अन्य समाजसेवी गणों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर ब्रह्मलीन महापुरुष दादा धूनी वाले का आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर प्रसिद्ध दादाजी धाम खंडवा के भजन गायक सतीश बाथम ठाकुर शैलेंद्र सिंह सोलंकी गोप साहब पटेल गेंदालाल प्रजापति आदि ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर दादा जी के टिकट का प्रसाद ग्रहण किया.

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महर्षि दयानंद आश्रम में महायज्ञ

**इटारसी।** परोपकारिणी सभा अजमेर द्वारा ग्राम जमानी में संचालित महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में महायज्ञ होगा एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। गुरुकुल के प्राचार्य आचार्य सत्यप्रिय ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी एवं गुरुकुल आश्रम जमानी के अध्यक्ष हेमंत दुबे मुख्य अतिथि रहेंगे। विशेष अतिथि गुरुकुल आश्रम के उपाध्यक्ष रवि कुमार वर्मा बैतूल बाजार, रामविलास चौधरी रहेंगे।









## मेट्रो एंकर | कृषि मंडी की टंकी में हो रहा था रिसाव

# बानापुरा में पानी की जर्जर 50 साल पुरानी टंकी हुई धराशाई



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी बानापुरा में सन् 1973-74 के दरमियान लोक निर्माण विभाग के द्वारा लोहे की एक पानी की टंकी बनाकर कृषि उपज मंडी में को दी थी। जिससे मंडी में आने वाले किसानों को पीने के पानी को लेकर कोई असुविधा न हो। लगभग 50 साल पुरानी इस लोहे की पानी की टंकी में कई सालों से पानी का रिसाव हो रहा था। मंडी विभाग की लापरवाहियों के कारण उसे रोक नहीं पाए और धीरे-धीरे टंकी अपने आप में ही खत्म होती रही।आखिरकार कल दोपहर में मंडी मे पानी की टंकी भरभरा कर गिर गई। गनी मत इस बात की रही की इस दौरान मंडी में छुट्टियां चल रही है इसलिए कोई भी इस हादसे से हताहत नहीं हुआ नहीं तो कोई बड़ी दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। फिलहाल टंकी गिरने से आसपास के बिजली के खंबे जरूर टूट गए हैं जिससे कि वहां का आवागमन बंद किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम्

क्रमांक 4448/लो.नि.वि./नि.सू./2023 — नर्मदापुरम्, दिनांक :- 28.08.23

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा निम्न वर्णित निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत नवीन पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. के दिनांक 10.05.2012 ( 02.08.2021 के संशोधन से प्रभावशील ) आईएसएसआर पर प्रतिशत के आधार पर फार्म ''ए'' में सीलबंद निविदा दिनांक 14.9.23 को 3.00 बजे दिन तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | नवीन पंजीयन अनुसार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रमांक 20 प्रताप नगर रसूलिया शासकीय माध्यमिक शाला में टीन शेड निर्माण | 161483/- | 1614/- | 1000/- | 1 माह | सेन्ट्रलाइज्ड पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन |
| 2 | नर्मदापुरम नगर के वार्ड क्रमांक 22 में श्री रिंकू पवार के घर से मंटू हलवाई के घर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 140926/- | 1409/- | 1000/- | 1 माह | सेन्ट्रलाइज्ड पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन |

**शर्ते :-**
1. निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में एक दिवस पूर्व तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नर्मदापुरम्**

# 3 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन धरना देगा सरपंच संघ

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**सरपंच संघ के द्वारा एसडीएम सिरोंज एवं जिला पंचायत सीईओं के नाम ज्ञापन सौपे। ज्ञापन में लेख किया है कि जनपद पंचायत सिरोंज के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य कराने नवीन कार्य स्वीकृत कराने व अन्य प्रकार की समस्याओं को बताया।**



ज्ञापन मे बताया कि हितग्राही मूलक कार्या मनरेगा योजनाअंतर्गत कूप निर्माण खेत तालाब निर्माण सामुदायिक निर्माण कार्या मनरेगा योजना अंतर्गत बोल्डर चैक डेम स्टॅाप डेम तालाब निर्माण ष्शांतिधाम कब्रिस्तान अन्य षासकीय भवन निर्माण आदि । वही सरपंचों ने बताया कि मनरेगा योजनांतर्गत बिना नोटषीट के निर्माण कार्यो के वर्क कोड जनरेट करने का अधिकार ग्राम रोजगार सहायक को दिया जावे।

मनरेगा योजनांतर्गत निर्माण कार्यो के मस्टर रोल जनरेट करने अधिकार रोजगार सहायक को दिया जावे । सिक्योर पोर्टल पर कार्यो के एस्टीमेट व टीएस एएस 3 दिवस में कराने के संबंध मे । सांसद विधायक अन्य विधियों कर राषि सीधे ग्राम पंचायतो के खाते में हस्तांतरित करने के संबंध मे । निर्माण कार्यो मे जनप्रतिनिधियों की अनुषंसा न मांग कर ग्राम पंचायत के ठहराव प्रस्ताव को ही प्राथमिकता दी जावे । ग्राम पंचायत मे वाद विवाद की स्थिति मे सचिव ग्राम रोजगार सहायक को स्थानांतरण करने के संबंध मे । वही सरपंच संघ ने मांग की है कि सिरोंज जनपद को छोडकर जिला विदिषा की अन्य जनपदो में एवं अन्य जिलो की जनपद पंचायतों मे मनरेगा योजनांतर्गत समस्त निर्माण कार्या स्वीकृत किये जा रहे है एवं समस्त कार्यो पर मस्टर जारी हो रहे है । सरपंच संघ सिरोंज 3 दिवस में मांगे पूरी होने के लिए आष्वस्त है मांगे पूरी न होने की दषा मे अनिष्चिकालीन हडताल पर रहेगे जिसके फ्लस्वरूप षासन की समस्त हितग्राही सामुदायिक मूलक योजनाऐं प्रभावित होगी । इस दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह, राजेष साहू, रमेष धाकड, संजीव गुर्जर, राजीव दांगी, नसीम खां, गेदालाल, किषन सोनी, कमलेष, मोहन सिंह आदि सरपंच उपस्थित रहे ।

### आईसीआईसीआई बैंक में दोनों के थे खाते, बैंक अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत के आरोप

# फर्जी हस्ताक्षर से 9.90 लाख निकाले, आरोपी को 24 घंटे के अंदर पकड़ा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**फर्जी हस्ताक्षर करके लाखों रुपए की राशि निकालकर फर्जी वाला करने वाले आरोपी को पुलिस ने दो दिनों के अंदर तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है । उक्त घटनाक्रम का खुलासा भी प्रेस वार्ता के माध्यम से शुक्रवार को किया गया। बदमाश किस्म के व्यक्ति किस तरीके से अपने दिमाग का गलत उपयोग करते हुए भोले वाले लोगों को चूना लगा रहे हैं ऐसा करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फर्जी हस्ताक्षर से एक जैसे नाम होने का फायदा उठाकर 9 लाख 90 हजार निकलने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर घटनाक्रम का खुलासा किया है।**



एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आइसीआइसीआइ बैंक सिरोंज में दोनों व्यक्तियों के खाते हैं नाम भी एक जैसे ही है। इसी बात का फायदा उठाकर आरोपी ने फरियादी माखन सिंह धाकड़ निवासी ग्राम मुरारिया उम्र 30 साल तथा फर्जी साइन करके पैसे निकालने वाले आरोपी का नाम माखन सिंह अहिरवार ग्राम नैनवास उम्र 23 साल ने दो किस्तों में पैसे निकालने किया। 25 अगस्त को दो लाख रुपए एवं 28 अगस्त को 7 लाख 90 हजार रुपए निकले। इसके बाद पैसे निकालने का मैसेज माखन सिंह धाकड़ को लगी तो उन्होंने तत्काल बैंक में पहुंचा कर अपने खाते से पैसे निकालने की बात आई सी आई बैंक के अधिकारी कर्मचारियों को बताई।

इसके बाद छानबीन की गई तो पता चला कि बैंक के द्वारा पिछले दिनों मकान सिंह धाकड़ को चेक बुक भेजी थी जिसका वितरण माखन अहिरवार को हो गया उसका नाम भी एक जैसा ही था इस बात का फायदा उठाकर हिंदी में दोनों साइन करते थे।

### पीड़ित का बैंक खाते में लगा है धुंधला फोटो

फोटो भी बैंक में धुंधला लगा हुआ है उसी के चलते बैंक से चेक पास करने वाले कैशियर ने भुगतान कर दिया । दोनों खातों और नाम के साथ साइनो की छानबीन की तो फर्जी साइन पाएगा इसके बाद 29 अगस्त को फरियादी ने बैंक अधिकारी कर्मचारियों के साथ धोखाधड़ी होने की शिकायत थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परमार की तो उन्होंने अज्ञात पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करके मामले को विवेचना में लिया वरिष्ठ अधिकारियों तथा एसडीओपी के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की जिसके द्वारा लगातार माखन सिंह अहिरवार की खोजबीन की जा रही थी 31 अगस्त को मुखबर की सूचना पर आरोपी को उसके गांव से पकड़ कर थाने लेकर आए पूछताछ की तो उसने फर्जी साइन करके पैसे निकालने की बात स्वीकार करते हुए उसके पास से 9 लाख 50 हजार रुपए नगदी के रूप में बरामद भी कर लिए एवं उसने 40 हजार रुपए मौज मस्ती में खर्च कर दिए जिनको बरामद करना शेष है।

### आरोपी को कोर्ट में किया पेश, पड़ताल जारी

आरोपी पर धारा 420,467,468,471 का प्रकरण दर्ज करके न्यायालय में पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है यदि इसमें किसी भी बैंक अधिकारी कर्मचारी की मिली भगत है तो उसे पर भी कार्रवाई करेंगे वहीं हैरानी कि बात तो की अधिकांश प्राइवेट बैंकों के द्वारा 2 लाख से ऊपर के चेक हो का क्लियर करने के लिए उपभोक्ता को फोन लगाकर पूछा जाता है। इस मामले में ऐसा नहीं किया गया इसकी वजह से बैंक के अधिकारी कर्मचारी भी संदेह के घेरे में नजर आ रहे हैं। अब देखना है कि मामले की कितनी गंभीरता से जांच पड़ताल होगी। आईसीआईसीआई बैंक कर्मचारियों, अधिकारियों ने अपनी तरफ से स्टेटमेंट मीडिया को देना उचित नहीं समझा गेट भी नहीं खोले।

# नगर पालिका कर्मचारियों पर गलत व्यवहार का लगाया आरोप, थाने में दिया आवेदन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर पालिका परिषद के कई कर्मचारियों के द्वारा सफाई को लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण का फीडबैक लेने के लिए शहरी क्षेत्र के मोहल्ले में न पहुंचने हुए नगर पालिका कार्यालय में बैठकर इस काम को किया जा रहा है। इसकी वजह से वास्तविकता सामने नहीं आ रही है।

नगर पालिका केवल झूठी जानकारी जुटा जा रही है। ऐसे आरोप कई लोगों के द्वारा लगाया जा रहे हैं। इसी तरह का एक मामला सामने आया है। राहुल मंगल ने थाने में आवेदन देते हुए कहा कि 31 अगस्त को मैं नगर पालिका के सामने से जा रहा था।

### स्वच्छता सर्वेक्षण का मनमाना फीडबैक

तभी वहां के कर्मचारियों ने मुझे रोका और कहा कि मोबाइल डोर मोबाइल लेकर अपने हिसाब से फीडबैक दे दिया। मैंने पूछा तो कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। मैंने कहा कि मेरा फीडबैक क्यों दे दिया जबकि मेरे मोहल्ले में कहीं भी साफ सफाई नहीं हो रही है।

### कार्यालय में बैठकर काम करने का आरोप

### आपत्ति जताने पर बदतमीजी, धमकी

मैंने कहा तो उसे कर्मचारियों ने उल्टा मुझे धमकाते हुए कहा चलते बनो में अकेला था इस वजह से मैं रात्रि में घर लौट आया पर उक्त गलत व्यवहार से मुझे बहुत क्षति पहुंची है ऐसा करने वाले नगर पालिका के संबंधित कर्मचारियों पर करवाई करके मुझे न्याय दिलवाया जाए।

# 11 केवी लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, बिजली वितरण कंपनी पर लापरवाही के आरोप



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

ग्राम महुआ खेड़ा पृथ्वीराज में मवेशियों के लिए चारा काटने गए ग्राम के चंदन नामदेव की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई । युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने बताया कि बिजली वितरण कंपनी की लापरवाही से ही मौत हुई है वहां खेत पर मवेशियों के लिए चारा काटने गए थे। उन्होंने उसको उठाया, तो बिजली की चपेट में आया और वहीं पर गिर गए बिजली के तार इतने नीचे हैं कि सर पर रखने में ही इनको करंट लगया कई बार हम लोगों ने बिजली को नीचे तारों को ऊंचा करने के लिए बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों को लिखित में शिकायत की उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया इनकी लापरवाही से ही बुजुर्ग की मृत्यु हुई है । आनंदपुर थाने में सूचना देकर मार्ग का प्रकरण भी दर्ज करवाया है ।जल्दी ही बिजली बिजली कंपनी के खिलाफबड़ा प्रदर्शन भी हम लोग बिजली वितरण कंपनी से मांग करेगा कि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायतादी जाऐ एक साल पहले उनके लड़के की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी अब यही भी चले गए।

### जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**सिवनी मालवा।** भिलट देव के पास धर्मनाथ के घर के सामने वाले मैदान में चार युवक शैलेंद्र करण पवन दिनेश जो खटखटा निपानिया के जुआ खेल रहे थे इस दौरान उन्ही में से किसी ने जुआ खेलते हुए का वीडियो वायरल कर पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चारों को सिवनी मालवा थाने लेकर आई उनके पास से नागड़ी 3570 रुपए की जप्ती कर 13 जूआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# अनाज व्यापारी रहेंगे हड़ताल पर, सचिव को दी सूचना

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

अपनी मांगों को लेकर मध्य प्रदेश महासंघ के अनिश्चितकालीन अनाज मंडी बंद के आह्वान पर मंडी के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मंडी सचिव फतेह सिंह चौहान को देते हुए बताया कि हमारी मांगे पूरी नहीं होने पर हम लोग 4 सितंबर से मंडी में कोई काम नहीं करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष समीर भार्गव , राजेश मित्तल ,कमलेश जैन, राजेश जैन, प्रियंका जैन, मनीष जैन लोकेश जैन, शिव कुमार साहू ,नीरज जैन आदि व्यापारी मौजूद थे।

**4 सितंबर से कृषि उपज मंडी में व्यापारी नीलामी में भाग नहीं लेंगे**



# शासकीय महाविद्यालय बुधनी में फिट इंडिया अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

शासकीय महाविद्यालय बुधनी में खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।फिट इंडिया कार्यक्रम में प्राचार्य श्री रवि कुमार ने कहा कि एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली व्यक्ति के लिए आवश्यक है औरव्यक्ति को अपनी फिटनेस एवं स्वस्थ के लिए हर रोज पैदल चलना चाहिए।

इस अवसर पर द्य कार्यक्रम प्रभारी डॉ ताज कुरैशी ने कहा कि व्यक्ति को अपना काम स्वयं ही करना चाहिए, जिससे व्यक्ति स्वस्थ रहने के साथ फिट भी रहता है।कार्यक्रम में सभी विद्यार्थीयों के साथ महाविद्यालयीन स्टॉफ ने भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़ हिस्सा लिया।कार्यक्रम में श्रीमती शिवांगी शुक्ला, डॉ प्रीतराज पटेल, सुश्री स्वाति गौरएवं विद्यार्थी एवं स्टॉफ उपस्थित रहा।



# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर साक्षरता सप्ताह के आयोजन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

भारत सरकार के निर्देशानुसार 01 से 08 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जाना है। इसी अनुक्रम में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं शिक्षकों, एमएड बीएड डीएलएड के प्रशिक्षणार्थी समुदाय के सदस्यों गृहणिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायती राज संस्थाएं. अन्य विभागों के स्वसहायता समूह के शिक्षित कार्यकर्ता सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी एवं नगर पालिका के कार्यकर्ता का सहयोग लिया जाकर असाक्षरों का घर-घर सर्वे किया जाना है।

इस संबंध में नियंत्रक साक्षरता कार्यक्रम डॉ. राकेश दुबे ने जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी का कहा है कि वे साक्षरता सप्ताह के तहत छात्र, छात्राओं एवं अन्य सर्वेकर्ता द्वारा जानकारी भरी जाएगी एवं सर्वे उपरांत प्राप्त प्रपत्रों को सामाजिक चेतना केन्द्र स्तर पर शिक्षकों एवं नोडल अधिकारी द्वारा संकलित किया जाना है।

जानकारी के अनुसार इसके अतिरिक्त साक्षरता सप्ताह के प्रत्येक दिवस की गतिविधि गूगल ट्रैकर के माध्यम से भेजी जाएगी और जिसकी लिंक व्हाट्सअप ग्रुप पर राज्य स्तर से भेजी जाएगी। साक्षरता सप्ताह के तहत कार्यवाही एवं गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित जारी किये गये है।

### टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी फार्म में, जीत की ओर सबकी नजरें

# एशिया कप: भारत-पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मुकाबला आज

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एशिया कप 2023 में भारत-पाकिस्तान हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले दोनों देशों के खिलाड़ियों के खुशनुमा लम्हे सामने आए हैं। महामुकाबलें से पहले कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में गर्मजोशी से मिलते नजर आए। इनमें कप्तान रोहित शर्मा के साथ अनुभवी बैटर विराट कोहली और मोहम्मद सिराज शामिल रहे। विराट कोहली पाकिस्तान के हारिस रऊफ, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और ऑलराउंडर शाबाद खान से हाथ मिलाते नजर आए। उन्हें गले भी लगाया और काफी देर तक बातचीत भी की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विराट कोहली का पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मिलने का वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कोहली तेज गेंदबाज हारिस रऊफ से हाथ मिलाकर गले मिलते हैं।




*प्रैक्टीस मैच के दौरान कोहली रऊफ से पूछते हैं कि बॉडी ठीक है, इस पर जवाब देते हुए रऊफ कहते हैं कि ठीक है, लेकिन हालत खराब हो रही है बैक-टु-बैक मैच खेलकर। खासकर 50 ओवर का। इस पर कोहली कहते हैं हां, थोड़ा टफ हो जाता है....*

### विराट 13 हजार से 102 रन दूर, सचिन से कम पारियों में यह मुकाम हासिल करेंगे

भारत के स्टार बैटर विराट कोहली 13 हजार वनडे रन तक पहुंचने वाले पांचवें बल्लेबाज बनने से 102 रन पीछे हैं। अगर विराट कोहली शनिवार को 102 रन बना लेते है, तो वह अपनी 266वीं पारी में 13 हजार रन पूरे करेंगे। इसके साथ ही वे सबसे कम पारियों में 13 हजार के आकड़े को छू लेंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। सचिन ने 321 पारी में 13 हजार रन पूरे किए थे।

### अनवर की बराबरी से एक शतक दूर बाबर

पाकिस्तान के टॉप बल्लेबाज बाबर आजम के नाम 19 वनडे शतक हैं। बाबर ने अपना 19वां शतक इसी एशिया कप में नेपाल के खिलाफ बनाया था। अगर शनिवार को बाबर आजम फिर शतक जमा देते है, तो वे पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने के मामले में सईद अनवर की बराबरी कर लेंगे। अनवर ने पाकिस्तान के लिए 1989 से 2003 तक वनडे मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने 243 मैच में 20 शतक और 43 अर्धशतक लगाए।

### इधर, रवींद्र जडेजा के पास दो रिकॉर्ड बनाने का मौका

रवींद्र जडेजा के पास वनडे में विकेटों की डबल सेंचुरी लगाने का मौका है। इसके लिए उन्हें 6 विकेट की जरूरत है। अभी उनके नाम 194 विकेट हैं। उनसे पहले सिर्फ 6 भारतीय गेंदबाज वनडे क्रिकेट में 200 विकेटों का आंकड़ा छू पाए हैं। इसके अलावा जडेजा के पास एक और रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका है। जडेजा 2 हजार रन बनाने और 200 या इससे ज्यादा विकेट लेने के 'डबल' के बेहद करीब हैं। कोई ऑलराउंडर जब बतौर बल्लेबाज 1000 रन बना ले और बतौर गेंदबाज 100 विकेट भी हासिल कर ले तो इसे 1000 रन और 100 विकेट का डबल कहा जाता है। जडेजा पहले ही वनडे में दो हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं। उनके नाम अब तक 2560 रन रन हैं। सिर्फ 6 विकेट लेते ही वे यह कारनामा अंजाम देने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय ऑलराउंडर बन जाएंगे। कपिल देव इसे अचीव कर चुके हैं। कपिल के नाम 225 मैचों में 3783 रन और 252 विकेट हैं।

### ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रही यूपी टी-20 लीग

# कानपुर ने 7 विकेट से मेरठ को हराया

**कानपुर, एजेंसी**

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में यूपी टी-20 लीग का मैच हो रहा है। शुक्रवार को पहला मुकाबला कानपुर सुपर स्टार व मेरठ मेवरिक्स के बीच हुआ। जिसमें कानपुर ने मेरठ को सात विकेट से हराया। अब दूसरा मुकाबला नोएडा और गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें नोएडा की टीम 43 रनों से जीत गई। नोएडा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सामर्थ और अलमास शौकत ने टीम के लिए रन बटोरने शुरू ही किए थे कि दूसरे ओवर की चौथी बॉल पर गोरखपुर लॉयंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह की गेंद पर अलमास शौकत ने शिवम शर्मा को कैच थमा दिया। अलमास बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। छठवें ओवर में ध्रुप प्रताप की गेंद पर शातनु (5) ने सीके सिंह को कैच दे दिया। पांचवी गेंद पर नोएडा के कप्तान नीतिश राणा (4) ने सीके को कैच देकर पवेलियन लौट गए। नोएडा को चौथा झटका समर्थ सिंह के रूप में लगा। समर्थ अपना अर्धशतक बनाने से चूक गए। 12वें ओवर पर अंकित चौधरी की गेंद पर समर्थ (45) ने अभिषेक गोस्वामी को कैच दे दिया। नोएडा का पांचवा विकेट 20वें ओवर में प्रशांत वीर के रूप में गिरा। विजय कुमार की गेंद पर प्रशांत वीर (40) ने हर्षित सेठी को कैच दे दिया। नोएडा ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 182 रन बनाएं। पांचवें विकेट के लिए सामर्थ व प्रशांत के बीच 98 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ ले गए। गोरखपुर लायंस के गेंदबाज ध्रुव प्रताप सिंह ने तीन विकेट लिए। अंकित चौधरी व विजय कुमार ने एक-एक विकेट लिया। नोएडा के आदित्य शर्मा ने 45 गेंद पर नाबाद 70 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने।



### स्वास्तिक व शोएब की अच्छी शुरूआत

स्वास्तिक व शोएब की जोड़ी मैदान में उतरी और ताबतोड़ बल्लेबाजी करनी शुरू कर दी। छठवें ओवर पर प्रशांत की पांचवी गेंद पर शोएब सिद्दीकी (29) ने विकेट कीपर सैनी को कैच देकर पवेलियन लौट गए। शोएब ने चार चौका व एक छक्का मारा। उस समय टीम का स्कोर 58 रन था। आकिब खान की गेंद पर मेरठ के कप्तान माधव कौशिक (12) ने गली में शॉट लगाया। लेकिन, वहां मौजूद राहुल राजपाल ने कैच ले लिए। तीसरे विकेट के लिए स्वास्तिक व रिंकू सिंह के बीच 79 रनों की पार्टनशिप हुई।

### समीर के शतक से जीता कानपुर सुपर स्टार

समीर रिजवी की धमाकेदार 122 रनों पारी की बदौलत कानपुर सुपरस्टार की टीम सात विकेट से जीत गई। दूसरी पारी शुरू होते ही पहले ही ओवर में कानपुर को ब?ा झटका लगा। मेरठ के कुनाल यादव की गेंद पर राहुल राजपाल ने ओवैस अहमद को कैच देकर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।इस समय टीम का स्कोर 3 गेंदों पर 1 रन पर था। 13वें ओवर में अंश यादव को एक जीवन दान मिला। कुनाल यादव की पहली गेंद पर अंश ने लॉगऑन पर शॉट मारा लेकिन दिव्यांश के हाथों कैच छूट गया।

### 139 रन ही बना सकी गोरखपुर

गोरखपुर लॉयंस के अभिषेक गोस्वामी और हर्षित सेठी क्रीज पर उतरे। नमन तिवारी की गेंद पर हर्षित सेठ (3) ने लॉगऑफ पर शॉट खेला और रन के लिए जैसे ही दौड़े तो भुवनेश्वर कुमार ने थ्रो मारकर हर्षित को रन आउट कर दिया। इसके बाद टीम के खिलाड़ी ताश के पत्तों की तरह बिखरते चले गए। 7वें ओवर में नोएडा को दूसरा बड़ा झटका लगा। प्रशांत वीर की गेंद पर अभिषेक गोस्वामी (17) क्लीन बोर्ड हो गए। 8वें ओवर में नितीश राणा की गेंद पर कृतिकाया सिंह (6) एलबीडब्ल्यू हो गए। 9वें ओवर में सौरभ कुमार की गेंद पर समीर चौधरी ने ओशो मोहन को कैच थमा दिया। अगले ही ओवर में नितीश राणा की गेंद पर सिद्धार्थ सरवन यादव (5) ने ओशो मोहन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। 18वें ओवर की पांचवीं बॉल पर नमन तिवारी की गेंद पर यशवर्धन सिंह (43) ने नितीश राणा को कैच दे दिया। वहीं, अगली ही गेंद पर सुनील कुमार ने विकेटकीपर अभिषेक शर्मा को कैच देकर बिना खाता खोले पेवेलियन लौट गए। शिवम शर्मा ने 31 बॉल पर नाबाद 57 रनों की व विजय कुमार ने नाबाद एक रनों की पारी खेली। गोरखपुर लॉयंस की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 139 रन ही बना सकी।

### यूएस ओपन...डिफेंडिंग चैम्पियन कार्लोस अल्कारेज तीसरे राउंड में पहुंचे

# अब ओन्स जेबुअर अगले दौर में पहुंचे

**गुयाना, एजेंसी**

डिफेंडिंग चैम्पियन कार्लोस अल्कारेज को साउथ अफ्रीका के लॉयड हैरिस को हराकर सीजन के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए। मेंस सिंगल्स में एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी तीसरे राउंड में पहुंच गए है। वहीं विमेंस सिंगल्स में पिछले साल की रनर-अप ओन्स जेबुअर भी तीसरे राउंड में जगह बनाई। स्पेन के 20 साल के कार्लोस अल्कारेज ने न्यूयार्क में खेले गए दूसरे दौर के मैच में हैरिस को 6-3, 6-1, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। जर्मनी के 12वीं वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी तीसरे राउंड में पहुंच गए है। ज्वेरेव ने हमवतन डेनियल




अल्टमायर को 7-6 (7/1), 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह पक्की की। ट्यूनीशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जेबुअर ने रोमांचक मुकाबले में चेक की युवा टेनिस खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा को 7-6(7), 4-6, 6-3 से हराया। जेबुअर ने 18 साल की नोस्कोवा पर लगातार दबाव बनाए रखा। स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम के तीसरे राउंड में पहुंच चुके हैं। ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने दूसरे राउंड में स्पेन के बर्नबे जपाटा मिरालेस को सीधे सेटों में हराया।

### 17 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश टॉप भारतीय चेस प्लेयर बने

# वर्ल्ड रैंकिंग में विश्वानाथन से आगे निकले डी गुकेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

17 साल के भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टॉप भारतीय चेस प्लेयर बन गए है। गुकेश ने 3 दशक बाद भारतीय चेस लीजेंड विश्वनाथन आनंद को पीछे किया। आनंद जुलाई 1986 से भारत के नंबर 1 रहे हैं। चेन्नई के गुकेश ने हाल ही में बाकू में एफआईडीएएफ वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गए थे। गुकेश अब आनंद से आगे निकलकर दुनिया में नंबर 8 पर पहुंच गए है। गुकेश पहली बार रेटिंग के टॉप-10 में शामिल हुए है। पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन आनंद इस समय 9वें स्थान पर हैं। रैंकिंग में नंबर-1 पर चेस वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रगनानंद को हराने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन



बने हुए है। गुकेश और प्रगनानंद आगामी एशियन गेम्स में भी नजर आएंगे। दोनों प्लेयर्स भारतीय टीम का हिस्सा है। दोनों कोलकाता में शिविर में भाग लेंगे और फिर 5 सितंबर से टाटा स्टील चेस इंडिया टूर्नामेंट में भाग लेंगे। गुकेश और प्रगनानंदा के अलावा विदित गुजराती, अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा और कोनेरू हम्पी मेंस टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, विमेंस टीम में हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी विमेंस टीम में होंगे।

### टॉप-30 में पांच भारतीय खिलाड़ी

जारी हुई एफआईडीई रेटिंग के मुताबिक, गुकेश की रेटिंग 2758 है जबकि आनंद की 2754 है। गुकेश को 1 अगस्त के बाद से रेटिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ है। चेस वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचने वाले आर प्रगनानंद 2727 की रेटिंग के साथ टेबल में 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वह गुकेश और आनंद के बाद भारत के नंबर 3 खिलाड़ी हैं। इस समय टॉप-30 में पांच भारतीय हैं और इसमें विदित संतोष गुजराती (नंबर 27) और अर्जुन एरिगैसी (नंबर 29) शामिल हैं। वहीं, अनुभवी पी हरिकृष्णा 31वें स्थान पर हैं।



## मेट्रो बाजार

# मारुति सुजुकी की यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में 16 फीसदी इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश की प्रमुख ऑटोमेकर कंपनी मारुति सुजुकी की गाड़ियों की मंथली सेल्स ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई हैं। कंपनी ने अगस्त के महीने में सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 1.89 लाख गाड़ियां बेची हैं। यह मारुति की एक महीने में अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री है। इससे पहले कंपनी ने अक्टूबर 2020 में एक महीने में 1,82,448 गाड़ियां बेची थीं। पिछ्ले साल अगस्त में कंपनी ने 1,65,173 यूनिट भेजी थीं। इसके साथ ही कंपनी के शेयर ने भी आज 10,397 रुपए के लेवल पर ऑल टाइम हाई बनाया।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कुल यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री 16 फीसदी वृद्धि के साथ 1.56 लाख यूनिट रही, जो अगस्त 2022 में 1,34 लाख यूनिट थी। अल्टो, एस-प्रेसो जैसी छोटी कार की बिक्री घटकर 12,209 यूनिट रही, जो अगस्त 2022 में 22,162 यूनिट थी।



बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पेक्ट कार की 72,451 यूनिट बेची गई, जो अगस्त 2022 में 71,557 यूनिट थी। ब्रेजा, अर्टिगा, फ्रोंक्स, ग्रांड विटारा, जिम्नी जैसे यानी मल्टी परपस व्हीकल वाहनों की अगस्त में 58,746 यूनिट बिकीं, जो पिछ्ले वर्ष अगस्त में 26,932 यूनिट थी। अगस्त में उसका निर्यात 24,614 यूनिट रहा, जो पिछ्ले वर्ष समान माह में 21,481 यूनिट था। सेल्स के आंकडे आने के बाद मारुति का शेयर आज 3 फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ 10,320 रुपए पर बंद हुआ, यह इसका नया क्लोजिंग हाई है।

### एअर इंडिया-विस्तारा के मर्जर को मिल गई मंजूरी

मुंबई। एअर इंडिया-विस्तारा एयरलाइन के मर्जर को कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने मंजूरी दे दी है। विस्तारा के मर्जर के बाद अब एअर इंडिया देश की दूसरी सबसे बड़ी डोमेस्टिक एयरलाइन और सबसे बड़ी इंटरनेशनल एयरलाइन बन गई है। इस मर्जर की प्रोसेस 2024 तक पूरी हो जाएगी। सिंगापुर एयरलाइंस की तरफ से एअर इंडिया में हिस्सेदारी खरीद को भी मंजूरी दी है। हालांकि, यह मंजूरी कुछ शर्तों के साथ दी गई है। विस्तारा को टाटा स्ह्व एयरलाइंस के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइन का जॉइंट वेंचर है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर एअर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन के मर्जर को मंजूरी देने की जानकारी दी है।



विस्तारा में टाटा संस की 51त्न और सिंगापुर एयरलाइंस की 49त्न हिस्सेदारी है। टाटा ग्रुप ने पिछ्ले साल नवंबर में एक डील के तहत एअर इंडिया के साथ विस्तारा के मर्जर की घोषणा की थी। डील के तहत सिंगापुर एयरलाइंस भी एअर इंडिया में 25.1त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। एअर इंडिया और विस्तारा एयरलाइन्स का मर्जर 2024 तक हो जाएगा।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# 'रामायण' में सीता के रोल में दिख सकती हैं तमिल एक्ट्रेस साईं पल्लवी

जल्द ही डायरेक्टर नितेश तिवारी भी हिंदू महाकाव्य रामायण पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में नितेश तिवारी ने मां सीता के रोल के लिए तमिल एक्ट्रेस साई पल्लवी को कास्ट करने का फैसला लिया है। एक्ट्रेस इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म को नितेश तिवारी के साथ रवि उद्यावर को-डायरेक्ट करेंगे। वहीं, राम के किरदार में रणबीर कपूर को कास्ट किए जाने की बात सामने आ रही है। सीता के रोल के लिए साई पल्लवी का लुक टेस्ट नवंबर में किया जाना है। इससे पहले दीपिका पादुकोण और फिर आलिया भट्ट को मां सीता के रोल के लिए कास्ट करने की बात सामने आई थी। हालांकि, डायरेक्टर ने कभी भी आलिया भट्ट को ये रोल ऑफर नहीं किया था। मां सीता के रोल के लिए साई ही डायरेक्टर की पहली पसंद है और जब तक लुक टेस्ट नहीं हो जाता, तब तक कास्टिंग में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साई पल्लवी ने 2005 में तमिल फिल्म कस्तूरी मान से डेब्यू किया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रावण के रोल के लिए एक्टर नवीन कुमार गौड़ा के लुक टेस्ट की बात सामने आई है। हालांकि, अब तक इस रोल के लिए लीड एक्टर के नाम की पुष्टि नहीं हुई है। बीते दिनों ये खबर आई थी कि डायरेक्टर ने रावण के रोल में एक्टर यश उर्फ नवीन कुमार गौड़ा को चुना है लेकिन यश ने नेगेटिव रोल करने से मना कर दिया। इससे पहले ऋतिक रोशन को रावण के रोल में कास्ट किए जाने की बात भी सामने आ रही थी।



**सीता के रोल के लिए तमिल एक्ट्रेस पल्लवी का लुक टेस्ट नवंबर में किया जाना है।**

# आशिकी 3: कार्तिक आर्यन की हीरोइन बनेंगी आकांक्षा शर्मा



आशिकी 3 की अनाउंसमेंट के बाद से ही मेकर्स फिल्म के लिए लीड एक्ट्रेस तलाश कर रहे हैं। इस कड़ी में कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस (कन्नड़) आकांशा शर्मा को कास्ट किया जा सकता है। आशिकी 3 के मेकर्स ने कार्तिक आर्यन के अपोजिट आकांक्षा शर्मा को कास्ट करने का मन बनाया है। रिपोर्ट्स की मानें तो आकांक्षा इन दिनों मेकर्स से इस सिलसिले में कई बार मुलाकात कर चुकी हैं। अगर सब कुछ ठीक रहता है, तो एक्ट्रेस आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन की हिरोइन होंगी। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इसे लेकर कोई भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। मेकर्स फिल्म में इसलिए कास्ट करना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें एक नए चेहरे की तलाश है। दरअसल, आशिकी फ्रेंचाइजी में हमेशा नए चेहरों को साथ कास्ट किया गया है। ऐसे में मेकर्स का मानना है कि कार्तिक के साथ आकांक्षा की केमिस्ट्री अच्छी रहेगी।



### डायरेक्टर बोले- 'गदर' भी ऑस्कर डिजर्व करती थी

गदर-2 ने बॉक्स ऑफिस पर 474 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म अब 500 करोड़ क्लब में शामिल होने की तरफ बढ़ रही है। इसी बीच फिल्म के मेकर्स इसे ऑस्कर में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। गदर-2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि इन दिनों वो और उनकी टीम अब इस फिल्म को ऑस्कर अवॉर्ड्स में भेजने की प्लानिंग कर रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में अनिल ने कहा, 'गदर नहीं गई थी तो मुझे नहीं पता कि गदर-2 कैसे जाएगी पर हम इस पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि गदर-2 जानी चाहिए। यह फिल्म इतना तो डिजर्व करती है। गदर भी डिजर्व करती थी।

बैरागढ़ में पुरानी सब्जी मंडी के पास निगरानी बदमाश ने दो साथियों के साथ व्यापारी पर किया चाकू से हमला, हालत नाजुक

# खाना पार्सल करने पर रुपए मांगे तो चाकू से किया जानलेवा हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित पुरानी सब्जी मंडी में इलाके के निगरानी बदमाश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर होटल व्यवसायी पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। चाकू का काफी गहरा घांव होने से उनके लवर का तीस फीसदी हिस्सा जख्मी हुआ है। उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। करीब चार घंटे चली सर्जरी के बाद उनकी स्थिति में अभी सुधार नहीं हो सका है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**



थाना प्रभारी कमलजीत रंधावा ने बताया कि कमलेश बवानी बबानी (35) गोकुल धाम कैंपस बैरागढ़ में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके बड़े भाई 43 साल के हीरालाल बबानी की पुरानी सब्जी मंडी के पास होटल हैं। गुरुवार रात उनकी होटल पर सिप्पू उर्फ चंद्रप्रकाश, अपने दो साथियों में हनी और लालू के साथ पहुंचा था। तीनों ने खाना पार्सल कराया। खाने का बिल चार सौ रुपए हुआ था। आरोपियों ने 100 रुपए दिए और कहने लगे कि बाकि के रुपए बाद में ले लेना। इस पर हीरालाल ने आरोपियों का विरोध किया तो वह धमकाने लगे। वह कहने लगे कि तू हमें जानता नहीं है। विवाद की स्थिति बनने लगी और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इस पर आरोपियों ने चार सौ रुपए का पैमेंट कर दिया। आरोपियों ने जाते समय धमकी दी थी कि तुझे देख लेंगे।

### घर जाते समय मारा चाकू

हीरालाल रात करीब साढे दस बजे के आसपास दुकान से घर जाने के लिए निकले थे। इस दौरान आरोपियों ने पुरानी सब्जी मंडी सिंधु समाज स्कूल के पीछे उन्हें रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू उनके पेट और सीने के पास लगने से उन्हें गंभीर चोट आई थी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि हीरालाल की हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने आरोपी सिप्पू उर्फ चंद्रपकाश, हनी और लालू के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आनलाइन एप्लीकेशन पर गैम और सट्टा खेलने की लत से थे परिजन परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित 74 बंगला के पास शिव नगर में शुक्रवार दोपहर बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह ऑनलाइन एप्प पर गैम खेलने साथ ही सट्टा खेलने का शौकीन था। उसकी इस लत से परिजन भी परेशान थे।



पुलिस के अनुसार दीपक नामदेव पिता विजय नामदेव (21) शिव नगर टीटी नगर में रहता था। वह निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता मालवीय नगर में सब्जी का ठेला लगाते हैं। दीपक के परिवार में माता-पिता के अलावा दादा दादी और तीन बहनें हैं। तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। शुक्रवार सुबह माता-पिता डीमार्ट किराना लेने गए थे। घर पर दीपक अकेला। जबकि दादा दादी नीचे वाले कमरे में थे। दोपहर करीब तीन बजे के आसपास माता-पिता किराना लेकर घर लौटे तो ऊपर वाले कमरे में टीन शेड के लिए लगाए गए पाइप में दीपक का शव दुपट्टे के फंदे पर लटका नजर आया। माता पिता उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

## रिटायर्ड फॉरेस्ट गार्ड ने फांसी लगाकर दी जान



भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित पुराना सबरी नगर में बीती रात रिटायर्ड फॉरेस्ट गार्ड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं परिजन से प्राथमिक पूछताछ में आत्महत्या की वजह भी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। एएसआई इंतुलाल ने बताया कि जगराम सिंह बझनिया (62) वन विभाग से रिटायर्ड थे। रिटायर्डमेंट के बाद वे प्राइवेट गार्ड की नौकरी कर रहे थे। उनके बेटे योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि पुराना सबरी नगर में उनके दो मकान में है। एक मकान में परिजन थे, जबकि दूसरे मकान में जगमोहन थे। रात करीब दस बजे योगेश अपने दूसरे मकान पर पहुंचा तो उसने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। करीब छह महीने पहले ही जगमोहन ने अपने बेटे योगेश कुमार की शादी की थी।

## युवक ने फांसी लगाई, एम्स में इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बागमुगलिया नोबल स्कूल के पीछे रहने वाले एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में इलाज के दौरान कल रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव मर्चूरी में सुरक्षित रखा दिया है। उसका आज पीएम कराने के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। एएसआई गंगाराम वर्मा ने बताया कि करण वानखेड़े पिता बाबू वानखेड़े (19) नोबल स्कूल के पीछे बागमुगलिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करण ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे थे। एम्स में उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022